53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 26.6°c अधिकतम 32.0°c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:53, सूर्यास्त - 6:47 | वर्ष : 53/अंक : 236 बुधवार, 27 अगस्त 2025 भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

असफलता यह सिद्ध करती है प्रयत्न पूरे मन से नहीं, बल्कि अधूरे मन से हुआ था।

भारत निर्मित इलेक्ट्रिक वाहन सौ देशों में निर्यात किए जाएंगे : मोदी



मेक इन इंडिया के बब्बर शेर को खिलौना समझने वाले खुश नहीं होंगे.......

# माता के दर्शन के लिये गया था परिवार, 22 वर्षीय युवक की मौत, चार लोग घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती

मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु)। कहते हैं जब कोई धार्मिक यात्रा पर जाये और उसकी मौत हो जाये, तो उनको मुक्ति मिल जाती है, परंतु अकस्मिक मौत होना भी हिंदू शास्त्रों में भी शुभ नहीं माना जाता है। ऐसा ही एक दुःखद मामला आज वैष्णों देवी में हुए लैंडस्लाइड का है। वैष्णों

**कोतवाली के रामलीला टिल्ला का है परिवार, घर पर पहुंचे कपिल देव अग्रवाल**

देवी के अर्धक्वारी मार्ग पर आज एक बड़ा लैंड स्लाइड हुआ, जिसमें कई 4 लोगों की मौत हो गई और कई लोगों के लापता होने की सूचना है।

ऐसे में एक परिवार मुजफ्फरनगर के जनपद का भी है। कोतवाली के रामलीला टिल्ला से एक परिवार के 5 सदस्य भी वैष्णों माता के दर्शन करने कटरा गये थे। जैसे ही यह हादसा हुआ, तब यह परिवार भी वहीं मौजूद था। इस भूस्खलन की चपेट में इस परिवार के 5 सदस्य भी आ गये। आपको बता दें कि कार्तिक उर्फ मुन्ना (22 साल) की दुखद मृत्यु हो गई, जबकि मृतक के ही परिवार के कार्तिक के पिता मिन्टू कश्यप, माता संगीता, बहन उमंग और मामा की बेटी वैष्णवी घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती है। इस समाचार के मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर है। मृतक के घर पर लोगों का तांता लगा हुआ है। खबर मिलते ही यूपी सरकार के मंत्री एवं नगर के विधायक कपिल देव अग्रवाल भी परिवार को सांत्वना देने पहुंचे थे। इस समय भी जानकारी के अनुसार कटरा के अर्धक्वारी मार्ग पर एनडीआरएफ और सीआरपीएफ का रेस्क्यू अभियान चल रहा है। मौके से कई लोगों को रेस्क्यू किया गया है और लापता है। आपको बता दें कि वैष्णो देवी यात्रा मार्ग में अर्धकुमारी के पास लैंडस्लाइड में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 घायल हैं। घायलों को कम्युनिटी हेल्थ सेंटर कटरा ले जाया गया है। खराब मौसम की वजह से वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गई थी। वैष्णो देवी से दर्शन करके लौट रहे श्रद्धालु हादसे का शिकार हो गए।













**असमय मृत्यु का समाचार अत्यन्त पीड़ादायक, मुख्यमंत्री से की गयी मुआवजे की बात : कपिल देव**

मुजफ्फरनगर। मां वैष्णो देवी धाम पर मुजफ्फरनगर के रामलीला टिल्ला के रहने वाले परिवार पर आयी आपदा के बाद 22 वर्षीय कार्तिक की असमय मृत्यु पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने परिवार के बीच रामलीला टिल्ला पहुंचकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की और तत्काल परिजनों से मुलाकात के बाद उक्त मामले में जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा से बात करने के साथ-साथ परिवार के अन्य लोगों को बेहतर चिकित्सा दिलाने व मृतकों के परिजनों को यथाशीघ्र आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिलाया। इसी के साथ सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ से भी वार्ता कर आपदा के समय में आर्थिक सहायता की मांग की। सीएम योगी ने कपिल देव अग्रवाल को आश्वस्त किया कि यथासम्भव आर्थिक मदद परिवार की जायेगी।

# रात तक चल रहा था खबर न बताने का दौर

## बुलेटिन में छपने के बाद एसपी सिटी ने खबर पर खुलासा कर लगा दी मोहर

**1 खालापार के दो भाईजान चला रहे थे उक्त कॉल सेंटर**

**2 16 युवतियां करती थी लोगों को ठगने के लिए कॉल**

मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)। मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा मेरठ रोड स्थित एक कॉल सेंटर में कई युवतियों के कार्य करने के साथ-साथ कॉल सेंटर से लोगों को ठगने के लिए कॉल करने की घटना का खुलासा सोमवार को ही कर दिया गया था। सोमवार की रात पत्रकारों द्वारा जब खालापार पुलिस से पूछा गया तो उन्होंने समाचार बताने से इंकार कर दिया। मगर बुलेटिन के पास समाचार की पुष्टि के चलते उसे प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। आपको बता दें कि खालापार के मेरठ रोड के जेडके कॉम्पलेक्स में दो भाईजान आहद और जुबेर नम्बरों का डाटा उपलब्ध कराकर कॉल सेंटर पर काम कर रही 16 युवतियों से उक्त डाटा के माध्यम से लोगों को ठगने के लिए कॉल कराया करते थे और सिर्फ मुजफ्फरनगर ही नहीं लोगों को नौकरी के नाम पर ठगने का कारोबार महाराष्ट्र तक चल रहा था।

एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत द्वारा स्वयं प्रेसवार्ता कर जानकारी दी गयी कि कुछ दिन पहले पुणे (महाराष्ट्र) से शिकायत मिली थी कि एक मोबाइल नम्बर से नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की जा रही थी। शिकायत मिलने पर खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम की जांच में सामने आया कि जिस नम्बर से ठगी की गयी है, वह नम्बर एक युवती द्वारा चलाया जा रहा है। पुलिस ने युवती से बात की तो उसने बताया कि वह मेरठ रोड स्थित कॉम्पलेक्स स्काईलाइन के नाम से संचालित कॉल सेंटर में जॉब करती है। धीरे-धीरे पुलिस ने खूफिया जानकारी हासिल कर कॉल सेंटर के सम्बंध में सभी साक्ष्य जुटा लिये और कॉल सेंटर के संचालक अम्बा विहार निवासी आहद व जुबेर निवासी सरवट को हिरासत में लेकर जब पूछताछ की गयी तो दोनों ने स्वीकार किया कि उनके कॉल सेंटर में 16 युवतियां काम करती हैं जो पुणे की एक कम्पनी का एचआर बनकर बेरोजगार युवकों को नौकरी दिलाने का ऑफर देती हैं। झांसे में फंसने वाले से पंजीकरण आदि के नाम पर ढाई से पांच हजार रुपये वसूल किये जाते हैं। अब तक उक्त गैंग कई लोगों से अवैध गोरखधंधा चलाकर लाखों की वसूली कर चुका है। फिलहाल पुलिस ने आहद व जुबेर दोनों का चालान कर जेल भेज दिया है।






**लो जी खालापार युवकों का एक और बड़ा कारनामा...**

**कॉल सैंटर पर युवतियां बैठाकर नौकरी के झांसे में फंसाने का चल रहा था फर्जीवाड़ा**




**7-8 हजार रुपये बताया गया युवतियों का वेतन**

मुजफ्फरनगर। कॉल सेंटर से मिली 16 युवतियों के वेतन के बारे में जब आहद व जुबेर से पूछताछ की गयी तो इन्होंने बताया कि सभी युवतियां 7-8 हजार रुपये प्रतिमाह के वेतन पर काम करती हैं। युवतियों को नम्बरों का डाटा उपलब्ध कराने का काम दोनों संचालक स्वयं करते थे। शातिर आरोपियों ने अपना बचाव करने के लिए युवतियों की आईडी पर ही सिम चला रखे थे, जिससे वे खुद न फंस सकें और कॉल श्रोता ग्राहक को यह प्रतीत हो कि वास्तव में युवतियां अपने नम्बर से ही बात कर रही हैं। पुलिस का बताना है कि युवतियों ने पूरा घटनाक्रम बताने में उनका सहयोग किया व सामाजिक मर्यादा को देखते हुए युवतियों को उनके परिजनों को सख्त हिदायत देकर उनके सुपुर्द कर दिया गया। आहद और जुबेर की मानें तो पुणे के कुछ ठग भी इस काम में शामिल हैं और वसूली की रकम से 20 प्रतिशत हिस्सा भी उन्हें दिया जाता था। पुलिस ने उक्त दोनों के बैंक खाते भी सीज करा दिये हैं।

# वैष्णो देवी में अर्धकुवारी में लैंडस्लाइड, 5 लोगों की मौत, 14 घायल, यात्रा रुकी

कटरा/शिमला, 26 अगस्त (एजेंसी)। वैष्णो देवी यात्रा मार्ग में अर्धकुवारी के पास लैंडस्लाइड हो गई। जानकारी के अनुसार हादसे में 5 लोग मारे गए, 14 घायल हैं। घायलों को कम्युनिटी हेल्थ सेंटर कटरा ले जाया गया है। हादसे के बाद वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गई है। इधर, जम्मू में तवी नदी पर बने पुल के पास सड़क धंस गई। हादसे में कई गाड़ियां गिर गईं। पुलिस रेस्क्यू के लिए पहुंच गई है। अभी नुकसान को लेकर अपडेट नहीं आया है।

वहीं दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को कई जगहों पर बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई, इसमें 10 से 15 घर बह गए। डोडा में पिछले 24 घंटे के दौरान 4 लोगों की मौत हुई है। हालांकि ये मौतें किन इलाकों में हुईं, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। जम्मू-कश्मीर में लगातार तीन दिन से रुक-रुककर भारी बारिश हो रही है। दो दिनों के लिए स्कूल बंद कर दिए हैं। जम्मू-श्रीनगर और बटोटे-किश्तवाड़ सहित कई नेशनल हाईवे समेत कई सड़कें बंद हैं। कई जगह नेटवर्क न होने की वजह से लोग इंटरनेट और कॉल कॉलिंग सर्विस का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे। वहीं, हिमाचल प्रदेश के कुल्लू व मनाली में 20 से ज्यादा घर, दुकानें और रेस्टोरेंट ब्यास नदी और पहाड़ी नालों में समा चुके हैं। नदियों के किनारे बने 30 से ज्यादा घर भी खतरे में हैं। कुल्लू-मनाली रोड का एक हिस्सा ब्यास नदी में बह गया। इससे मनाली का कुल्लू जिला मुख्यालय से संपर्क कट चुका है।



## फरार खनन माफिया इकबाल के 4 बेटे तीन साल बाद रिहा

सहारनपुर, 26 अगस्त (वार्ता) सहारनपुर में इनामी खनन माफिया और पूर्व एमएलसी इकबाल उर्फ बाल्ला के चारों बेटों को सहारनपुर जिला जेल से रिहा कर दिया गया है। उच्चतम न्यायालय में जमानत अर्जी मंजूर होने के बाद जावेद, अफजाल, अलीशान और वाजिद को बीती रात सहारनपुर जेल से रिहा कर दिया गया। इनके वकील संजय वर्मा ने आज बताया कि नवंबर 2024 में उच्चतम न्यायालय में इनकी जमानत की याचिका दाखिल की गई थी जिसमें उन्होंने अदालत के समक्ष दलील रखी थी कि याचिकाकर्त्ताओं को अदालतों से पूर्व में जब भी जमानत मिली तो उनके खिलाफ नए मुकदमें दर्ज कर लिए गए जिससे उनकी रिहाई ना हो सके। इसी माह की 22 अगस्त को वकील संजय वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि इसी माह 13 अगस्त को याचिकाकर्त्ताओं के थाना मिर्जापुर में एससी/एसटी एवं अन्य धाराओं में मुकदमें दर्ज करा दिए गए थे। पूरी सुनवाई करने के बाद न्यायालय ने इकबाल के चारों बेटों की कल जमानत मंजूर कर ली थी और रिहाई के आदेश जारी किए थे। सहारनपुर जेल अधीक्षक सत्यप्रकाश सिह ने आज बताया कि अदालत से रिहाई कर फरमान मिलने के बाद चारों को जेल से रिहा कर दिया गया।

## विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर दो युवकों से हड़पे 18 लाख रुपये

मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)। मंडी कोतवाली के ग्राम बझेडी निवासी पिता पुत्र ने राजस्थान के रहने वाले दो युवकों लाखों की चपत लगाई। पिता-पुत्र पर आरोप है कि उन्होंने विदेश भेजने का झांसा देकर राजस्थान के रहने वाले दो युवकों से 18 लाख रुपए हड़प लिए। पीड़ितों की मानें तो दोनों आरोपी पीड़ितों को अपने साथ पहले दुबई ले गए और वहां छोड़कर फरार हो गए। मामले में जांच कराने के बाद एसपी सिटी के आदेश पर नई मंडी कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी असलम खान और नजर मौहम्मद ने एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत से मिलकर बताया था कि मुजफ्फरनगर के रेलवे स्टेशन पर बझेड़ी निवासी फहीम से मुलाकात हुई थी। उसने बातचीत करने पर बताया कि उसके पिता इकराम लोगों को यूके में नौकरी दिलाने का काम करते हैं। उसकी बातों में दोनों पीड़ित आ गए। आरोपी फहीम दोनों को अपने गांव बझेड़ी में ले गया और वहां उसने उनकी मुलाकात अपने पिता इकराम, भाई सुहैल व चाचा वसीम से हुई। आरोपी इकराम से दोनों को यूके भेजने के लिए 18 लाख रुपए की डिमांड की। उनके बातों पर विश्वास करने पर पीड़ितों ने 4 लाख रुपए नकद व 14 लाख रुपए फहीम को ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। आरोप है कि कई महीने बाद दोनों को पहले उन्हे दुबई ले जाया गया। उसके बाद वहां से यूके भेजने का झांसा दिया गया। आरोपियों ने बाद में यूके भेजने से इंकार करते हुए पॉलैंड ले जाने को कहने लगे। उसके बाद दोनों पीड़ित वापस भारत आ गए। पैसे लेने पीड़ित आरोपियों के जब घर पहुंचे, तो उनके साथ मारपीट की गयी, जिसके बाद पीड़ितों ने घटना की लिखित तहरीर देकर पुलिस इंसाफ की गुहार लगाई, तो पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

## रामपुर तिराहा कांड में सुनवाई टली

मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)। रामपुर तिराहाकांड मामले में मंगलवार को कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी और न ही कोर्ट में कोई गवाह पेश हुआ। सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी मामले में कोर्ट में सुनवाई के लिए अब कोर्ट ने 9 सितम्बर की तिथि नियत की गयी है। विगत 1 अक्तूबर 1994 की रात्रि पृथक राज्य की मांग के दिल्ली जा रहे उत्तराखंड के आंदोलनकारियों को पुलिस ने रामपुर तिराहे पर रोक लिया था। आरोप है पुलिस

**सरकार बनाम राधामोहन द्विवेदी मामले में होनी है गवाही**

फायरिंग में सात आंदोलनकारियों की मौत हो गई थी, जबकि महिलाओं से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के आरोप भी लगे थे। इस मामले में सीबीआई की तरफ से हाईकोर्ट के आदेश पर सात मुकदमे दर्ज कराए थे। उत्तराखंड सघर्ष समिति के वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग वर्मा ने बताया कि मंगलवार को एमपी एमएलए के पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। वहीं कोर्ट में कोई गवाह भी पेश नहीं हुआ। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 9 सितम्बर की तिथि नियत की गयी है।

## ज्ञानदेई की मार से नीला पड़ा छात्र, मामला बढ़ता देख स्कूल से नौ दो ग्यारह हुए मास्टर जी

**बोर्ड पर सही जवाब नहीं लिख पाया था 9वीं कक्षा का छात्र**

मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)। जनपद के एक निजी स्कूल के शिक्षक ने नौवीं कक्षा के छात्र की पिटाई कर दी, क्योंकि उसने बोर्ड पर गणित का एक सवाल गलत कर दिया था। यह घटना तितावी थाना क्षेत्र के जागाहेड़ी गांव के एक निजी स्कूल की है, जहां शिक्षक वंश कुमार ने छात्र से बोर्ड पर गणित का सवाल हल करने को कहा, जब छात्र ने सवाल गलत कर दिया, तो शिक्षक ने गुस्से में उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसके शरीर पर चोट के निशान बन गए। इस दौरान जब छात्र ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी और पिटाई के निशान दिखाए तो फीटे की चोट के निशान देखकर परिजन आक्रोशित हो गए और पूरे मामले की जानकारी स्कूल की प्रधानाचार्य को फोटो सहित दिखाई तो पता चला मास्टर जी स्कूल से ही नौ दो ग्यारह हो गए। मीडिया से बात करते हुए पीड़ित छात्र ने बताया कि वह चाहता है मास्टर जी को स्कूल से निकाला जाए, ताकि वो ऐसा किसी अन्य बच्चे के साथ ना कर सके। इस दौरान पीड़ित छात्र के पिता सुनील कुमार ने कहा कि जब वो घर पहुंचा, तो मामले की जानकारी हुई, जिसके बाद बच्चे का शरीर देखा, तो पीठ पर नील पड़ा हुआ था। इस दौरान गांव के मौजिज लोग घर पर आए और हम लोग जब अगले दिन स्कूल पहुंचे, तो आरोपी मास्टर छुट्टी पर थे। फिलहाल पीड़ित छात्र के पिता सुनील ने कहा कि ऐसा किसी बच्चे के साथ ना हो बस इतना हो जाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना तितावी में शिक्षक वंश कुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने व थाना पुलिस द्वारा मामले की जांच करने की बात सामने आई है। खबर लिखे जाने तक आरोपी शिक्षक के खिलाफ थाने में कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था।



## शाहरुख, दीपिका के खिलाफ मामला दर्ज

भरतपुर, 26 अगस्त (वार्ता) राजस्थान में भरतपुर के मथुरा गेट थाने में मंगलवार को पुलिस ने अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-2 के आदेश पर अभिनेता शाहरुख खान, अभिनेत्री दीपिका पादुकोण सहित छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह मामला हुंडई कंपनी की एक कार के विज्ञापन में उपभोक्ताओं को कथित तौर पर कार निर्माण के दौरान कमियों के बारे में जानकारी नहीं देने से जुड़ा है। इस सम्बन्ध में भरतपुर के कीर्ति सिंह की ओर से यह इस्तगासा दाखिल किया गया था। इस्तगासे में आरोप लगाया गया है कि कंपनी के अधिकारियों और कार के ब्रांड एंबेसडर शाहरुख खान एवं दीपिका पादुकोण ने उपभोक्ताओं को गुमराह करके कार बेचने में भूमिका निभायी। न्यायालय के आदेश पर मथुरा गेट पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

## एमडीए टीम ने किया रूद्रा मैनेजमेंट प्रा. लि. निर्माण सील

**1 पूर्व में जारी नोटिस के बाद निर्माण न हटाने पर हुई कार्रवाई**

**2 फजीहत के बाद नींद से जागा एमडीए प्रशासन, सुधरेंगे हालात**

मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)। प्रधानमंत्री आवास योजना में निरीक्षण के दौरान फजीहत के बाद मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के अधिकारी नींद से जागने के साथ हरकत में आ गए हैं। मंगलवार को इस कड़ी में एमडीए के जोन-3, थाना नई मंडी क्षेत्र में मंडलायुक्त की प्रेरणा एवं उपाध्यक्ष कविता मीना के निर्देशों के बीच एमडीए टीम ने अवैध निर्माणकर्ता रूद्रा वेस्ट मैनेजमैंट प्रा. लि. द्वारा बनाए गए निर्माण कार्य को सीज करते हुए प्रशासन की सख्ती का अहसास कराने का काम किया। मंगलवार को एमडीए विभाग की टीम अवैध निर्माणकर्ता रूद्रा वेस्ट मैनेजमेंट प्रा. लि. के निदेशक हरपाल सिंह चावला द्वारा ग्राम मखियाली स्थित खसरा नंबर 539/03 मखियाली-चॉदपुर पर पहुंची, जहां पर लगभग 5000 वर्गमीटर में विकसित औद्योगिक निर्माण नियमों के विरुद्ध पाए जाने पर उसे सील किए जाने की कार्यवाही की गयी। उक्त अवैध निर्माण के विरूद्ध एमडीए की ओर से पूर्व में अवैध निर्माणकर्ता को नोटिस भी जारी किए थे। जिसमें चालानी कार्यवाही के बाद मंगलवार को पूर्व में सील के आदेश निर्गत किए जाने के बाद भी उक्त अवैध निर्माण के स्वामी द्वारा स्थल से अवैध औद्योगिक निर्माण को नहीं हटाए जाने पर बड़ी कार्रवाई की गई। टीम द्वारा की गई कार्रवाई से क्षेत्र में पूरे दिन हड़कंप मचा रहा। एमडीए के अधिकारियों के अनुसार पूर्व में जारी नोटिस दिए जाने के बाद भी कोई निर्माण न हटाए जाने पर एमडीए टीम द्वारा जोन-3 में उक्त एक निर्मित स्थल पर सील की कार्यवाही की गयी है। अवैध निर्माण के सील की कार्यवाही के समय प्राधिकरण कार्यालय के सहायक अभियंता, अवर अभियंता, एवं प्राधिकरण टीम के साथ साथ सम्बन्धित थाने का पुलिस बल भी मौके पर उपस्थित रहा।






# ट्रंप का मूड स्विंग: अब चीन को कहा- मेरे हिसाब से नहीं चले तो लगा दूंगा 200% टैरिफ

वाशिंगटन, 26 अगस्त (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का चीन को लेकर रुख अक्सर बदलता रहता है। कभी वे दोस्ताना लहजे में बात करते हैं और रिश्ते सुधारने की बात करते हैं, तो कभी अचानक धमकी भरे तेवर दिखा देते हैं। हाल ही में व्हाइट हाउस में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग से मुलाकात के दौरान उन्होंने चीन को कड़ी चेतावनी दी। ट्रंप ने कहा कि अगर चीन अमेरिका को रेयर अर्थ मैग्नेट्स उपलब्ध नहीं कराता, तो उस पर 200% तक का टैरिफ लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास सबसे बड़ा हथियार टैरिफ है, और अगर चाहे तो चीन के साथ व्यापार पूरी तरह खत्म कर सकता है। ट्रंप का यह बयान इसलिए भी चौंकाने वाला है, क्योंकि कुछ ही दिन पहले उन्होंने चीन पर नए टैरिफ लगाने को 90 दिनों के लिए टाल दिया था। उस समय उनका कहना था कि बातचीत से मसले हल करना बेहतर होगा, लेकिन अब वे कह रहे हैं कि उनके पास कुछ ऐसे कार्ड्स हैं, जिसे इस्तेमाल किया तो चीन चुटकियों में तबाह हो जाएगा। दरअसल, रेयर अर्थ मैग्नेट्स अमेरिका के लिए बेहद अहम हैं, क्योंकि इनका इस्तेमाल इलेक्ट्रॉनिक्स, डिफेंस और आधुनिक तकनीक में होता है। ट्रंप इसको लेकर चीन पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनके बदलते रुख, कभी नरमी, कभी सख्ती से यह समझ पाना मुश्किल हो जाता है कि असल में अमेरिका की नीति क्या है? ट्रंप के इन मूड स्विंग्स से निवेशकों और वैश्विक बाजार में अस्थिरता बढ़ जाती है, क्योंकि उन्हें समझ नहीं आता कि अगले पल ट्रंप क्या कह देंगे। अमेरिका अपने कुल रेयर अर्थ मेटल आयात का लगभग 70% चीन से मंगवाता है। 2025 के जून माह में चीन ने अमेरिका को 353 टन रेयर अर्थ मैग्नेट निर्यात किए। विशेष रूप से यिट्रियम सहित कुछ रेयर अर्थ एलिमेंट्स का 93% से अधिक हिस्सा चीन से आता है। कुल मिलाकर, वैश्विक सप्लाई चेन में चीन का दबदबा रहता है और अमेरिका की रेयर अर्थ आयात का अधिकांश हिस्सा चीन से प्राप्त होता है। 2025 में अमेरिका ने चीनी आयात पर टैरिफ को बढ़ाकर 145% तक कर दिया था, लेकिन हाल ही में इसे 90 दिनों के लिए स्थगित कर 30 फीसदी (10% आधार दर + 20% फेंटेनाइल-संबंधी अतिरिक्त टैरिफ) पर लाया गया है. फिलहाल चीन अमेरिका से आने वाले सामान पर औसतन 32.6% टैरिफ लगाता है, लेकिन अप्रैल 2025 में हालात बिगड़ने के बाद कुछ अमेरिकी उत्पादों पर यह दर 125% तक पहुंच गई।










# अग्निवीर जनरल ड्यूटी के लिए खूब दौड़े बुलन्दशहर के अभ्यर्थी

## - मेरठ रोड पर सायं होते ही लगने लगता है युवाओं का रैला - बीते तीन दिनों से भर्ती में छाए हुए हैं बुलन्दशहर के युवा

मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)। केंद्र की मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल अग्निपथ भर्ती योजना के तहत बीते पांच दिनों से वेस्ट यूपी के 13 जनपदों के युवाओं ने उत्साह, जोश व पूर्ण जज्बे के साथ जिला मुख्यालय पर अग्निवीर भर्ती रैली में प्रतिभाग करने को भागमभाग अपने चरमोत्कर्ष पर है। मेरठ भर्ती कार्यालय की ओर से जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली इस भर्ती रैली में शारीरिक दक्षता परीक्षा के साथ स्वास्थ्य परीक्षण की कसौटी पर खरा उतर रहे युवाओं को सेना में भर्ती का मौका मिल रहा है। मंगलवार को पांचवे दिन अग्निवीर की सामान्य ड्यूटी के लिए बुलंदशहर जिले के अभ्यर्थी दूसरे दिन पूरे जोश, उत्साह व दमखम के साथ मैदान में दौड़ लगाते हुए दिखाई दिए। इस दौरान अग्निवीर भर्ती में 1241 अभ्यर्थियों ने दौड़ में शामिल होने के साथ अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। इससे पूर्व भर्ती रैली में शामिल होने आए युवाओं की टोली शाम होने के साथ मेरठ रोड और भर्ती स्थल के आसपास के क्षेत्र में पहुंचना शुरू हो गई थी, जिसे नियन्त्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ सेना के जवानों को सख्ती अपनानी पड़ी, तब कहीं जाकर व्यवस्था सुधरी। मंगलवार को मेरठ रोड स्थित नुमाइश मैदान और चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में अलग-अलग परीक्षाएं कराई गई। इस बीच दौड़ में कामयाब अभ्यर्थियों को जहां स्टेडियम में ले जाकर सेना के अधिकारियों ने गड्ढा कूद व जिगजैग के माध्यम से परखा। वहीं सभी परीक्षा पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र चेक करते हुए मेडिकल के लिए इन अभ्यर्थियों को बाद में चयनित किया गया। इससे पूर्व सोमवार रात्रि 12 बजे अभ्यर्थियों को दौड़ मैदान में प्रवेश देने की प्रक्रिया शुरू की गई। सेना भर्ती कार्यालय के नियमों के तहत अभ्यर्थियों को 16 सौ मीटर की दौड़ कराई गई। अब बुधवार को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी के लिए तीसरे दिन भी बुलंदशहर जिले की सियाना व बुलन्दशहर तहसील के पूर्व में लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण करीब 1122 अभ्यर्थी को इस बीच पूरे दमखम के साथ शामिल होंगे। इससे पूर्व बीते तीन दिनों में यूपी के जनपद बुलंदशहर की खुर्जा तहसील के युवाओं ने 25 अगस्त और बुलंदशहर जिले की डिबाई, सिकन्दराबाद, शिकारपुर और अनूपशहर तहसील के युवाओं ने 26 अगस्त को चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम व नुमाइश मैदान में संपन्न दौड़ प्रक्रिया में दो दिनों तक कब्जा कायम रहा।




# हरितालिका तीज पर रखा देश भर में महिलाओं ने व्रत

## - मंदिर में पूजा-अर्चना करके सुनी तीज की कथा



मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज देशभर के साथ जनपद में मनाया गया। यह त्योहार महिलाओं के लिए आस्था, प्रेम और समर्पण का प्रतीक है, जिसमें विवाहित महिलाएं निर्जला व्रत रखने के साथ भोलेनाथ व मां पार्वती की पूजा करते हुए अपने पति की लंबी आयु की कामना करती हैं। अखंड सुहाग और सौभाग्य का प्रतीक तीज का व्रत भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि में मनाया जाता है। इस पर्व की मान्यताएं धर्म शास्त्रों में वर्णित हैं। मंगलवार में नई मंडी भरतीया कॉलोनी स्थित मनकामनेश्वर शिव मंदिर में हरतालिका तीज उत्सव पर महिलाओं ने पूजा अर्चना के साथ व्रत रखा। इस दौरान पंडित अरुण मिश्रा ने हरतालिका तीज की कथा सुनाई। इस दौरान मंदिर प्रांगण में सपना तिवारी, बिना त्यागी, ऊषा, रुचि अग्रवाल, प्रिया शर्मा, रेखा तायल, पूनम, सरिता गोयल, रेशु अग्रवाल, शिखा गोयल, अनीता गुप्ता, अनीता, अर्चना चौबे आदि महिलाएं मौजूद रही। महिलाएं अपने पति की लंबी आयु व स्वस्थ प्यार को बरकरार रखने के लिए तीज का व्रत करती हैं। पौराणिक कथा के अनुसार भगवान शिव व माता पार्वती के अखंड प्रेम का प्रतीक को मानकर इस दिन महिलाएं महादेव और मां पार्वती की हाथों से मूर्ति बनाकर विधि विधान से पूजा अर्चना करती हैं। पं. अरुण मिश्रा ने बताया कि भोलेनाथ को पाने के लिए माता पार्वती भोलेनाथ की मूर्ति बनाकर उन्हें अपने पति के रूप में पाई थी, तब से लेकर आज तक हर वर्ष अखंड सुहाग और प्रेम का प्रतीक हरियाली तीज का व्रत है। वहीं धर्म शास्त्रों के अनुसार, महादेव को पाने के लिए माता पार्वती ने भगवान भोलेनाथ की मूर्ति अपने हाथों से बनाकर तीज व्रत कर शिव को पाया था। इसके बाद से तीज व्रत का यही विधान चलता आ रहा है। बता दें, हरियाली तीज के इस व्रत में महिलाएं व्रत में रहकर भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती की पूजा आराधना करती हैं, वहीं महिलाएं इस बीच अपने पति के लंबी आयु, उनकी सुरक्षा और आरोग्यता के लिए पूरी रात जाग कर पूजा अर्चना करती है और पंडित जी द्वारा हरितालिका व्रत का कथा सुनती हैं। तीज व्रत में व्रत उपवास पूजा अर्चना करने के बाद अगले दिन बुधवार यानि 27 अगस्त को सभी व्रती पारण करेंगी।

# विद्या वैभव अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षिक सम्मेलन में प्रवेन्द्र दहिया हुए सम्मानित



मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बुस.)। उदयपुर अनन्ता में हुए विद्या वैभव अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षिक सम्मेलन में प्रवेन्द्र दहिया प्रधानाचार्य, होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जड़ौदा, मुजफ्फरनगर एवं श्रीमती रीटा दहिया को ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की नवाचार एवं उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने पर विद्या वैभव अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षिक सम्मेलन के डॉयरेक्टर श्रुतिधारा आर्य, राष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविद कुलभूषण कैन, डॉ. धीरज मेहरोत्रा, तेजेन्द्र पाल सिंह ओबराय, प्रमोद शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षिक सम्मेलन का शुभारम्भ उदयपुर के श्रीजी हूजुर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड, राजकुमारी जान्हवी कुमारी, भूटान के शिक्षाविद जमतशो, रिटायर्ड जनरल मेजर प्रमोद सहगल, रिटायर्ड लेफ्टिनेंट सुरेन्द्र कुलकर्णी, मॉरीशस के शिक्षाविद मधुकर नारेन, श्रीलंका शिक्षाविद थेरेस अशांथी लकमली, हरदीप बक्शी ने किया। सम्मेलन में श्रीजी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने बताया कि मेवाड़ का इतिहास संघर्ष, साहस और हजार सालों की दूरदर्शिता की मिसाल है। मैंने अपनी टीम के साथ 40 मिनट में 21 हजार 58 पौधों का बीजरोपण कर गिनीज ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है, मैंने समाजसेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सात बार वर्ल्ड रिकॉर्ड प्राप्त किया है, इसी सन्दर्भ में हमें विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करके ग्लोबल वार्मिंग की समस्या के प्रति जागरूक करने में है और अपने राष्ट्र के प्रति विद्यार्थियों में देशप्रेम की भावना जाग्रत करना शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। श्रुतिधारा आर्य ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षिक सम्मेलन देश-विदेशों के शिक्षाविदों के विचारों एवं नवाचारों को राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय एवं शिक्षकों तक पहुंचाना एवं जो शिक्षक राष्ट्र निर्माण में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, उन्हें सम्मानित करके हमें गर्व की अनुभूति होती है। विद्या वैभव अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षिक सम्मेलन में देश-विदेश के शिक्षाविदों ने स्कूलों में प्रौद्योगिकी अपनाने, सतत विकास लक्ष्यों को शिक्षा में शामिल करने, विद्यार्थियों के हित में नई टैक्नोलॉजी को अपनाने और शिक्षा में उसका एकीकरण करने, शिक्षा के लिए स्थायी भविष्य, विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने और विद्यार्थियों के अन्दर सांस्कृतिक मूल्यों का समावेश करने, शिक्षा को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए आनंदमय करने पर अपने बहुमूल्य विचार प्रदान करे, जिसमें कहा गया कि आज के समय में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को नई-नई तकनीकों को अपनाकर ही वे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्र को शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति की ओर ले जा सकते हैं।

# प्राथमिक शाखा में गणेश चतुर्थी का उल्लासपूर्ण उत्सव

मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बुस.)। मंगलवार को जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल की प्राथमिक शाखा में भगवान गणेश का स्वागत बड़े हर्ष और श्रद्धा के साथ किया गया तथा गणेश चतुर्थी का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर पूरे वातावरण को उल्लास और आनंद से भर दिया। इस अवसर पर बच्चों ने भजनों, मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों, भगवान गणेश की कथाओं तथा सृजनात्मक कला गतिविधियों में भाग लिया। इन सबके द्वारा उन्होंने गणेश चतुर्थी के महत्व को समझा, जोकि ज्ञान, समृद्धि और नए आरंभ का प्रतीक है। पूरा समारोह हंसी-खुशी, श्रद्धा और रंग-बिरंगे उत्सव के रंगों से सराबोर रहा। हमारे नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों को एकता, आनंद और सांस्कृतिक परंपराओं की भावना में डूबते देखना वास्तव में हृदयस्पर्शी रहा। इस आयोजन में बच्चों की सक्रिय भागीदारी और उत्साह सराहनीय रहा।




# बकाया मांगने गए फाइनेंस कर्मचारियो के साथ धक्का मुक्की

## - कर्मचारी ने लगाया तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

भोपा, 26 अगस्त (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर में सनसनीखेज घटना में वाहन का बकाया मांगने गए फाइनेंस कर्मचारियों के साथ धक्का मुक्की कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। कर्मचारियों ने आरोपियों पर तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए भोपा थाने पर पहुंचकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। मुजफ्फरनगर के रुड़की रोड पर स्थित बजाज फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन मैनेजर राहुल जैन ने भोपा थाने पर पहुंच कर बताया कि मंगलवार दोपहर वह अपने सहकर्मचारी अमित कुमार व सचिन बालियान के साथ भोपा थानाक्षेत्र के गांव हाजीपुर निवासी व्यक्ति के पास ऑटो का बकाया वसूलने के लिए गया था। आरोप है कि तभी उस व्यक्ति के घर पर मौजूद तीन आरोपियों ने उनके साथ अभद्रता करनी शुरू कर दी। जब कर्मचारियों द्वारा आरोपियों को समझाने का प्रयास किया गया तो आरोपियों ने उन्हें काम करने से रोक दिया और गाली गलौच करते हुए धक्का मुक्की करनी शुरू कर दी। जब कर्मचारियों ने आरोपियों का विरोध किया तो आरोपियों ने पीड़ित कर्मचारियों को तमंचा दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद डरे सहमे कर्मचारी भोपा थाने पर पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## यमुना नदी का जलस्तर फिर घटकर 229.7 मीटर पर पहुंचा

कैराना, 26 अगस्त (बु.)। पहाड़ी व मैदानी इलाकों में हो रही रूक-रूककर बारिश के चलते यमुना नदी का जलस्तर घट बढ रहा है। सोमवार को यमुना नदी का जलस्तर 229.82 मीटर पर था वही मंगलवार को जलस्तर 229.70 मीटर दर्ज किया गया। पहाड़ी व मैदानी इलाकों में रूक रूक कर हो रही बारिश के कारण मंगलवार सुबह 8 बजे यमुना नदी का जलस्तर 12 सेंमी घट कर 229.70 मीटर दर्ज किया गया। सोमवार को हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में 30 हजार 593 क्यूसेक पानी प्रति सैकेंड छोड़ा गया था, जबकि मंगलवार सुबह 8 बजे हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा 34 हजार 795 क्यूसेक प्रति सैकेंड दर्ज की गई।

# अमन गुप्ता ने आईआईटी पटना से एआई एवं डेटा साइंस इंजीनियरिंग में एमटेक की उपाधि प्राप्त कर बढ़ाया जिले का मान



पटना/मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)। मुजफ्फरनगर के युवा उद्यमी फैसपी एंटरप्राइजेज प्रा. लि. (मारवाड़ी सॉफ्टवेयर) के निदेशक व आईआईए चैप्टर के स्पेशल सेक्रेटरी अमन गुप्ता ने आज भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना के 12वें दीक्षांत समारोह में एआई, डेटा साइंस इंजीनियरिंग में एमटेक की उपाधि प्राप्त करते हुए जिले का नाम रोशन किया। मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय व राष्ट्रीय संगठन मंत्री भारतीय शिक्षण मंडल बीआर शंकरानंद ने अमन गुप्ता को सम्मानित किया। अमन गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पटना आईआईटी से एआई एवं डेटा साइंस इंजीनियरिंग में उपाधि प्राप्त करना उनके लिए गर्व के क्षण हैं और इस संस्थान के लिए यह तकनीकी योगदान देना उतना ही संतोषजनक है। उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य है कि मैं शिक्षा और उद्योग जगत के बीच सेतु बनकर युवाओं को अब भविष्य में नई तकनीकों से जोड़ सकूँ।

# बाइक लुटेरा 04 घंटे में हुआ मुठभेड़ में जख्मी

## - कोतवाल आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में हुई मुठभेड़

बुढ़ाना, 26 अगस्त (बु.)। किसी व्यक्ति की बाइक लूटने वाला एक लुटेरा लूट की घटना से गुस्साई बुढ़ाना पुलिस के हत्थे कांबिंग करने के दौरान कुल चार घंटों में ही चढ़ गया। पुलिस ने गोली मारकर लुटेरे को लंगड़ा कर पकड़ लिया, जबकि उसके दो साथी जंगलों के रास्ते भाग जाने में सफल रहे। इस मुठभेड़ और घटना की पूरी जानकारी एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने सीओ गजेंद्र पाल सिंह से फोन पर ली। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में परासौली नहर के पास मंगलवार को 3 लुटेरों ने बाइक सवार युवक को रोककर उसकी बाइक लूट ली और फरार हो गये। इसकी सूचना बाइक मालिक ने बुढ़ाना पुलिस को दी, तो पुलिस में बाइक लूट की घटना को लेकर हड़कंप मच गया। पुलिस ने बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्रा के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंचकर बाइक लुटेरों की तलाश में क्षेत्र की नाकेबंदी कर सीसीटीवी कैमरों के आधार पर बाइक पर सवार तीन युवकों को चैकिंग के चलते रुकने को कहा, तो एक लुटेरे ने पुलिस टीम पर गोली चला दी, जिसमें एक पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गया, तब पुलिस ने भी मोर्चा संभालते हुए एक लुटेरे को गोली मार दी, तो वह नीचे गिर गया, जबकि उसके दो साथी बाइक छोड़ पैदल ही ईख के रास्ते फरार हो गये। लुटेरे को पुलिस ने अपने कब्जे में कर हस्पताल पहुंचाया। पूछताछ में लुटेरे ने अपना नाम रोबिन सिंह बताया और अपने दोनों फरार साथियों के नाम बताए। उधर पुलिस ने अन्य लुटरों की तलाश शुरू कर दी है।



**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 12780, दिनांक 21/12/2018 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्री का नाम आव्या अंकित नहीं कराया गया था। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

सुमित मलिक
ग्राम-पिन्ना, जिला-मुजफ्फरनगर
मो. 9758122222

**सूचना**

मेरा नाम दीपक जैन है, भविष्य में मुझे दीपक कुमार जैन के नाम से जाना व पहचाना जाये। मेरा नाम मेरे आधार कार्ड में भी दीपक कुमार जैन ही अंकित है।

दीपक कुमार जैन
पुत्र श्री सलेक चन्द जैन
मौ0-बालकराम, कस्बा-खतौली
जिला- मुजफ्फरनगर

# 28 अगस्त को दशलक्षण धर्म का प्रथम दिन उत्तम क्षमा



मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बुस.)। श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना जैन मंदिर सहित नगर के समस्त जैन मंदिरों में श्रद्धालु 10 दिन तक जिनेन्द्र देव की विशेष पूजा अर्चना करेंगे। जैन धर्म के दिगम्बर अनुयायियों द्वारा आदर्श अवस्था के अपनाए जाने वाले गुणों को दशलक्षण धर्म कहा जाता है। जैन शास्त्रों के अनुसार जीवन में सुख शांति के लिए उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, आकिंचन, और ब्रह्मचर्य इन दस धर्मों का पालन हर मनुष्य को करना चाहिए। दशलक्षण महापर्व जैन धर्म का अत्यंत महत्वपूर्ण आध्यात्मिक पर्व है, जिसे पर्यूषण पर्व के रूप में मनाया जाता है। इसका महत्व आत्मा की शुद्धि और मोक्ष मार्ग की साधना में अत्यंत गहरा है। इन दस दिनों में आत्मा को पवित्र बनाने वाले दस धर्मों की विशेष पूजा, स्वाध्याय, उपवास, व्रत, इत्यादि की जाती है। श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना के मीडिया प्रभारी रोहित जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि दशलक्षण महापर्व अतिशय क्षेत्र वहलना मंदिर जी के साथ नगर के समस्त जैन मंदिरों में दिनांक 28 अगस्त से 6 सितंबर तक बहुत ही भक्ति भाव के साथ संपन्न होंगे।

# बिजनौर बैराज के शीघ्र खुलने की उम्मीद बढ़ी





भोपा 26 अगस्त (बु.)। बहुत दिनों से मेरठ-बिजनौर, मुजफ्फरनगर-बिजनौर के यात्रियों को बिजनौर बैराज पुल पर चौपहिया वाहनों व बसों के बन्द होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुल पर यातायात को सामान्य करने के लिए जानकारों की टीम काम कर रही हैं। काम कर रहे कर्मियों का कहना है कि एक सितम्बर तक पुल सभी वाहनों के लिए खुल जाएगा। वर्तमान में पुल पर पैदल आवागमन चल रहा है। कभी बाइक सवारों को रोक दिया जाता है, कभी जाने दिया जाता है। कार पूरी तरह बन्द हैं। कभी-कभी बाइक वालों को भी बाइक से उतर कर बाइक के साथ पैदल चलने के लिए कह दिया जाता है। मुजफ्फरनगर-मेरठ से बिजनौर की ओर जाने वाली बसें खूब हैं यानी बिजनौर से मेरठ या मुजफ्फरनगर जाने वाले यात्रियों को ज्यादा परेशानी नहीं है जबकि बैराज से बिजनौर जाने वाले यात्रियों के लिए बसें कम हैं। बिजनौर डिपो को इस ओर ध्यान देना चाहिए।तकनीकी टीम ने पुल के दो फाटकों के स्लैब को जैक पर उठा दिया है। उनके एक्सपेंशन ज्वाइंट के गैप को कम करने का काम शुरू किया जा रहा है।इसमें एक दो दिन का समय लग सकता है। इसके बाद पुल की टेस्टिंग होगी। तकनीकी टीम से हरी झंडी मिलने के बाद पुल से छोटे चौपहिया वाहनों को निकाला जाएगा।उसके बाद भारी वाहन चलेंगे। कर्मियों की टीम का अनुमान है कि एक सितम्बर के आस पास यातायात सुचारु हो जाएगा। बैराज के पुल के गेट नंबर 21 व 28 के स्लैब के एक्सपेंशन ज्वाइंट का गैप बढ़ गया है। गैप एक सेंटीमीटर तक होना चाहिए, जबकि पानी के दबाव की वजह से यह बढ़कर अढाई से तीन इंच तक हो गया था। निजी चौपहिया वाहनों से सफर करने वाले लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें अमरोहा होते हुए अपने गंतव्य को जाना पड़ रहा है। इस बाधा के कारण मुजफ्फरनगर के व्यापारी प्रभावित हो रहे हैं, क्योंकि बिजनौर,चाँदपुर, धामपुर, नजीबाबाद और इन नगरों के आसपास के व्यापारी मुजफ्फरनगर नहीं पहुंच पा रहे हैं।

# नगर के लाल ने फतेह किया किलिमंजारो

## किलिमंजारो... और तिरंगा : नीरज पांचाल




मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बुस.)। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी बिशम्बर पांचाल के पुत्र नीरज पांचाल ने किलिमंजारो फतेह कर परिवार के साथ-साथ नगर का नाम रोशन किया है। समाजसेवी बिशम्बर पांचाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह एक अद्भुत और गर्व का विषय है कि मेरे बड़े पुत्र नीरज पांचाल ने किलिमंजारो पर्वत पूर्वी अफ्रीका में तंजानिया देश में स्थित पर्वत पर जाकर अपना सपना पूरा किया है। किलिमंजारो की पर्वत पर पहुंचना एक अविस्मरणीय उपलब्धि है, जो यह साबित करती है कि यदि कोई व्यक्ति किसी कार्य को करने की ठान लेता है, तो वह अपने कार्य में सफलता प्राप्त कर सकता है। नीरज पांचाल ने अपनी लग्न, मेहनत और कठिन परिश्रम से इस ऊंचाई को छुआ है। यह उसके जज्बे और हौसले की जीत है। किलिमंजारो फतेह करना एक गर्व भरा पल है और जिंदगी की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। नीरज ने अपने परिवार का ही नहीं पूरे समाज और देश का भी नाम रोशन किया है। पिता बिशम्बर पांचाल ने अपने हृदय की गहराई से प्यार भरा आशीर्वाद दिया है।" विदित रहे कि समाजसेवी बिशम्बर पांचाल नगर की प्रसिद्ध शिक्षण संस्था चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सैकेंड्री स्कूल के संस्थापक होने के साथ-साथ कई अन्य संस्थाओं के माध्यम से समाज की सेवा में जुटे हैं।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# एक सप्ताह तक चले *प्रारम्भ-2025* कार्यक्रम का समापन हुआ




मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बुस.)। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज की इकाई श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में एक सप्ताह तक चले *प्रारम्भ-2025* कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन समारोह के दिन एक विशिष्ट कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संस्था के संस्थापक डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि समूह के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ तथा अन्य अतिथि, निदेशक डॉ. एसएन चौहान, डॉ. प्रेरणा मित्तल, प्राचार्य श्रीराम कॉलेज, डॉ. मनोज धीमान निदेशक ललित कला विभाग श्रीराम कॉलेज ने दीप-प्रज्ज्वलित कर किया। एप्लाइड साइंस की विभागाध्यक्षा डॉ. आकांक्षा सिंह ने स्लाइड शो के माध्यम से चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ के जीवनवृत्त की झलकियां प्रस्तुत कीं। प्रारम्भ-2025 सत्र 2025-26 के इंजीनियरिंग के नये विद्यार्थियों का इण्डक्शन अर्थात प्रेरणादायी कार्यक्रम है, जिसमें नवीन छात्रों को संस्थान, विश्वविद्यालय, संस्थान में उपलब्ध सुविधाएं तथा करियर के लिये अवसर प्रदान कराना आदि जानकारी दी जाती हैं। मुख्य अतिथि द्वारा आकस्मिक प्रश्नों के उत्तर देने वाले छात्रों को तत्काल पुरस्कृत भी किया। प्रारम्भ-2025 के अवसर पर श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के निदेशक प्रो. एसएन चौहान ने इंजीनियरिंग के छात्रों को बताया कि आज के डिजिटल युग में इंजीनियरिंग का क्या महत्व है और यह किस प्रकार अपना प्रारूप तेजी से परिवर्तित कर रहा है जिसके लिये सभी विद्यार्थियों को समय के साथ तैयार रहना चाहिये। संस्थान की डीन डॉ. सुचित्रा त्यागी ने मुख्य अतिथि व सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। विभागाध्यक्षा डॉ. आकांक्षा सिंह ने छात्रों का स्वागत करते हुये कहा कि विद्यार्थियों को अपने विचारों को कभी दबाना नहीं चाहिए, छात्रों के मन में नये-नये विचारों का निर्माण हो, विचारों से विचार हो तथा नवाचार से नये आविष्कारों की क्रान्ति लायी जा सकती है। इस कार्यक्रम में संस्था के निदेशक डॉ. एसएन चौहान, डीन डॉ. सुचित्रा त्यागी व सभी संकायों के विभागाध्यक्ष एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## पानी के बहाव के चलते चौथे दिन भी यमुना में डूबे युवक का नही चला पता

कैराना, 28 अगस्त (बु.)। शनिवार को अपने साथियों के साथ यमुना नदी में स्नान करने आया 28 वर्षीय रामेश्वर मीणा निवासी गांव गोविंदपुर थाना अमरसर जनपद जयपुर हाल निवासी पानी यमुना के गहरे पानी में डूब गया था। मंगलवार को चौथे दिन भी यमुना में डूबे युवक का पता नही चल सका। शनिवार को अपने साथियों के साथ यमुना में स्नान करने के दौरान रामेश्वर मीणा यमुना में डूब गया था। सोमवार को परिजनों द्वारा एसडीएम को गुहार लगाने के बाद एनडीआरएफ की टीम ने यमुना में सर्च अभियान चलाया था लेकिन पानी का तेज बहाव होने के कारण मंगलवार को भी यमुना में डूबे युवक का पता नही चल सका। दोपहर 2 बजे के बाद एनडीआरएफ की टीम भी वापस लौट गई। वही मंगलवार शाम तक परिजन यमुना तट पर मौजूद रहे। केवल प्राइवेट गोताखोर ही यमुना में युवक की तलाश कर रहे थे। देर शाम तक भी युवक का पता नही चल सका।



# सिर्फ स्वर्ण रथ पर ही नहीं रेडी पर भी तैयार है गणेश जी आपके घर आने के लिए : संजीव शंकर

मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बुस.)। गणेश चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक चलने वाला गणेश उत्सव हिंदू पंचांग के अनुसार अति महत्वपूर्ण है। किसी भी व्रत पूजा अनुष्ठान इत्यादि से पूर्व गणेश जी का पूजन महत्व रखता है। महामृत्युंजय सेवा मिशन अध्यक्ष संजीव शंकर ने बताया कि 27 अगस्त 2025 बुधवार के दिन सूर्योदय के समय चतुर्थी तिथि है। अतः 27 सितंबर को गणेश जी की स्थापना कर 10 दिन 6 सितंबर 2025 शनिवार अनंत चतुर्दशी तक गणेश उत्सव मनाने की परंपरा है। यह सामान्य जन अपने घर परिवार में भी रख सकता है। जीवन में आ रहे विघ्नों को हरने, संकटों का नाश, व्यापार में उन्नति, परिवार में सुख समृद्धि आदि इच्छाओं की पूर्ति के लिए गणेश जी का पूजन करें। राहु की विपरीत परिस्थिति में दूब घास से गणेश जी का पूजन कर सकते हैं, गणेश जी को मोदक (लड्डू) अति प्रिय है, भगवान गणेश को प्रसन्न करने का साधारण उपाय है उनके 12 नाम जो इस प्रकार हैं: ॐ सुमुखाय नमः, ॐ एकदंताय नमः, ॐ कपिलाय नमः, ॐ गजकर्णाय नमः, ॐ लंबोदराय नमः, ॐ विकटाय नमः, ॐ विघ्ननाशाय नमः, ॐ विनायकाय नमः, ॐ धूम्रकेतवे नमः, ॐ गणाध्यक्षाय नमः, ॐ भालचंद्राय नमः, और ॐ गजाननाय नमः।

# शारदा बोले: औरंगजेब और बाबर की नाजायज औलाद हैं कांग्रेस-सपा

## - कांग्रेस-सपा मानसिकता वाले अफसरों को दी बड़ी नसीहत - स्वदेशी अपनाने को प्रदेश में शुरू होगा जन जागरण अभियान





**मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा का मंगलवार में नगर के हनुमान चौक स्थित व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल के आवास पर आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव विषयक विषयक जिला बैठक में पहुंचने पर व्यापारियों ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने पीएम नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर स्वदेशी वस्तुएं अपनाने के लिए शुरू एक सितंबर से प्रदेश में स्वदेशी जन जागरण अभियान से जुड़ने का सभी से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस कड़ी में 1 सितंबर से 10 सितंबर तक हर जिले में मशाल जुलूस निकाले जाएंगे। वहीं दुकान-दुकान स्वदेशी सामान का इस्तेमाल अधिक से अधिक करने और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करने के लिए पैंफलेट वितरित किए जाने की बात की। उन्होंने कहा कि अगले 15 दिनों तक स्कूल-कॉलेज, गांव-देहात व बाजारों में चौपाल लगेंगी, जिसमें व्यापारियों को ज्यादा से ज्यादा देश में निर्मित सामान बेचने और लोगों को स्वदेशी सामान खरीदने के लिए जागरूक किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि व्यापारिक गोष्ठियों के साथ इसके लिए हर शहर और जिले में बड़े व्यापारी सम्मेलन होंगे, जिसमें देश-प्रदेश के मंत्री-पदाधिकारी भाग लेंगे। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं फायर ब्रांड नेता विनीत अग्रवाल शारदा ने कहा कि प्रदेश में व्यापारियों को परेशान करने वाले अधिकारी चाहे किसी भी स्तर के हों वे अब सपा और कांग्रेस की मानसिकता को अपने घर पर छोड़ दें, वरना दो माह के अंदर उन्हें अब उनकी वास्तविक स्थिति दिखा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उन्हें सब मालूम है कि कौन सा अधिकारी व्यापारियों को परेशान कर रहा है। ऐसे अफसरों के पास बस दो महीने का और समय है। उसके बाद जीएसटी की जब दरें लागू होंगी, उस समय तक उन लोगों पर कार्रवाई की जा चुकी होगी। फायर ब्रांड नेता विनीत शारदा ने विपक्षी दलों पर हमला करते हुए उन्हें "औरंगजेब और बाबर की नाजायज औलाद" बताया। वहीं उन्होंने देश में बीते दिनों हुई आतंकी घटनाओं के लिए इसमें संलिप्त आतंकियों को "जिन्ना की नाजायज औलाद" कहते हुए ऐसे लोगों का इलाज किए जाने की बात की। इस दौरान मंत्री कपिल देव अग्रवाल, नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद गुप्ता, व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल, संजय मिश्रा, राकेश त्यागी, शलभ गुप्ता, जनार्दन विश्वकर्मा, सुनील तायल, तरुण मित्तल, विवेक सिंघल, दिनेश गुप्ता, शिवकुमार, सत्यपाल, विजेन्द्र प्रताप, दीपक मित्तल, राजेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।



### कृष्ण गोपाल मित्तल के आवास पर हुआ व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत

**मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विनीत अग्रवाल शारदा का मंगलवार को नगर आगमन पर व्यापारियों ने भव्य स्वागत किया। व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में इस दौरान क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता, जिला संयोजक सुनील तायल, सह-संयोजक तरुण मित्तल, राकेश त्यागी, विजय प्रताप सिंह गुप्ता बिट्टू, अभिलक्ष मित्तल, व्यापारी नेता संजय मिश्रा सहित अनेक व्यापारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष विनीत अग्रवाल शारदा ने 'स्वदेशी अपनाओ' के जन जागरुकता अभियान पर जोर देते हुए स्थानीय व्यापार को भविष्य में प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देकर हम न केवल देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूत कर सकते हैं, बल्कि स्थानीय व्यापारियों को भी सशक्त बना सकते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ हमेशा व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और व्यापार से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए सरकार और संगठन के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करता रहेगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य व्यापारी वर्ग में संगठनात्मक मजबूती और संवाद को बढ़ावा देना था, जिसे मौजूद रहे व्यापारियों ने अत्यंत सराहा।



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## ट्रम्प के टैरिफ का असर और भारत

ट्रम्प के टैरिफ का असर भारत के उद्योगों पर नजर आने लगा है। साथ ही भारत आत्मनिर्भरता की ओर भी अपने कदम बढ़ा रहा है। देश की कुछ गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग यूनिट पर टैरिफ का असर दिख रहा है। कुछ यूनिट में अमेरिका के कुछ बड़े रिटेलर्स के लिए बच्चों के कपड़ों के आखिरी ऑर्डर पूरे किए जा रहे हैं। भारत अमेरिका को कपड़े, झींगा मछली और जेम्स ऐंड ज्वैलरी समेत कई चीजों का बड़ा निर्यातक है। ट्रेड एक्सपर्ट्स का कहना है कि इतने ऊँचे टैरिफ और रूस से तेल खरीदने पर अतिरिक्त 25 फीसदी की पेनल्टी, भारतीय सामान पर लगभग प्रतिबंध लगाने जैसा असर डालेंगे। भारत से टारगेट, वॉलमार्ट, गैप और जारा जैसे ब्रांडों को कपड़ों की सप्लाई होती है, लेकिन टैरिफ के ऐलान के बाद भविष्य को लेकर गहरी चिंता दिख रही है। अमेरिकी ग्राहकों ने अभी सभी ऑर्डर रोक दिए हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने टैरिफ की घोषणा ऐसे समय में की है, जब टेक्सटाइल यूनिटों की लगभग आधी बिक्री होती है। क्रिसमस से पहले का समय बिक्री के लिए काफी अहम होता है। अब ये टेक्सटाइल यूनिट्स अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए घरेलू बाजार और आने वाले दिवाली सीजन की ओर देख रही हैं। निर्यात करने वाले कह रहे हैं कि हम उम्मीद कर रहे थे कि भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील होगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस वजह से पिछले महीने से पूरा प्रोडक्शन चेन ठप है। इसका असर पूरे बाजार पर पड़ेगा ही। ट्रम्प की ओर से लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के बाद भारत में बनी 10 डॉलर की शर्ट की कीमत सीधे 16.4 डॉलर हो जाएगी, जबकि बांग्लादेश में बनी टी-शर्ट 13.2 डॉलर और चीन में बनी टी-शर्ट की कीमत 14.2 डॉलर हो सकती है। वियतनाम में बनी टी-शर्ट 12 डॉलर में मिल सकती है। यह गणित सबका गणित बिगाड़ देने वाला है। अगर टैरिफ को घटाकर 25 फीसदी कर दिया जाए, तो भी भारत अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में कम प्रतिस्पर्धी होगा। इस झटके को कम करने के लिए सरकार ने कुछ उपायों की घोषणा भी की है। इनमें कच्चे माल पर आयात शुल्क को निलंबित करने जैसे कदम शामिल हैं। दुनिया में भारतीय सामान के लिए नये बाजारों की तलाश में कई देशों के साथ व्यापार वार्ताएं भी तेज हुई हैं। अमेरिकी खरीदार मैक्सिको, वियतनाम और बांग्लादेश की ओर रुख कर रहे हैं। भारत कई बिलियन डॉलर के रत्न और आभूषण निर्यात करता है, लेकिन अब आभूषण ब्रांड सितंबर और अक्तूबर के दौरान अपनी बिक्री पर टैरिफ के संभावित असर से चिंतित हैं। इन दो महीनों में तीन से चार अरब डॉलर के आभूषण अमेरिका निर्यात किए जाते हैं। भारत की ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के साथ नयी व्यापारिक साझेदारियों ने नये अवसर भी खोले हैं। सूरत दुनिया में हीरा तराशने और पॉलिश करने का केंद्र है। सूरत पर वैश्विक माँग में गिरावट और लैब में बनाए गए हीरों से मिल रही प्रतिस्पर्धा के कारण पहले ही मुसीबत के बादल मंडरा रहे हैं। अब टैरिफ इस शहर के लिए दोहरी मार है। अमेरिकी ग्राहक गायब हो गए हैं और लगभग पाँच लाख लोगों की आजीविका चलाने वाले कारखाने अब महीने में मुश्किल से 15 दिन ही चल पा रहे हैं। सैकड़ों कर्मचारियों को अनिश्चितकालीन छुट्टी पर भेज दिया गया है। यह है ट्रम्प के टैरिफ का असर। दूसरे बाजारों की खोज भी आसान काम नहीं है, लेकिन भारतीय उद्योग को बचाने के लिए ऐसे कदम उठाने ही पड़ेंगे। भारत के कई झींगा किसान इस झटके से बचने के लिए अन्य उत्पादों की ओर जाने का मन बना रहे हैं। भारत दुनिया में झींगा के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक है और अमेरिका झींगा का एक प्रमुख बाजार है। अन्य शुल्कों के साथ-साथ झींगा पर कुल टैरिफ अब 60 प्रतिशत से ऊपर जाने वाला है। यह एक बड़ा झटका है, क्योंकि टैरिफ की पहली घोषणा के बाद से कीमतों में थोड़ी गिरावट आई थी। 50 प्रतिशत की दर लागू होने के बाद कीमतों में और गिरावट आने की उम्मीद है। दूसरी तरफ भारत आत्मनिर्भरता की ओर भी बढ़ता जा रहा है। कल प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के हंसलपुर में ई-विटारा को एक्सपोर्ट के लिए फ्लैग-ऑफ किया। ये मारुति की पहली इलेक्ट्रिक कार है। ये गाड़ी पूरी तरह से भारत ही में बनी है और इसे 100 से ज्यादा देशों, जैसे यूरोप और जापान में निर्यात किया जाएगा। पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मेक इन इंडिया में नया अध्याय जुड़ा है। अब विदेशों में चलने वाली इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर भी मेड इन इंडिया लिखा होगा। मारुति सुजुकी ने वित्तीय वर्ष 2026 में 67,000 इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रोडक्शन का टार्गेट रखा है। इसका बड़ा हिस्सा निर्यात किया जाएगा, जो ग्लोबल लेवल मेड इन इंडिया प्रोडक्ट्स की स्थिति को और भी मजबूत करेगा। 80 प्रतिशत से अधिक बैटरी का निर्माण घरेलू स्तर पर किया जा सकेगा, जिससे भारत के क्लीन एनर्जी और मैन्युफैक्चरिंग टार्गेट को बल मिलेगा। भारत इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। ऐसे में गुजरात में टीडीएस लिथियम-आयन बैटरी प्लांट इस लक्ष्य की तरफ बढ़ने में भारत को खासा मदद करेगा। प्रधानमन्त्री ने कहा गणेश उत्सव के इस उल्लास में आज भारत की मेक इन इंडिया में नया अध्याय जुड़ रहा है। भारत को डेमोग्राफिक एडवांटेज है। हमारे पास स्किल वर्कफोर्स का बड़ा पूल है, जो हमारे हर पार्टनर के लिए विन-विन सिचुएशन बनाता है। जापान की सुजुकी कंपनी भारत में मैनुफैक्चरिंग कर रही है, जो गाड़ियां बन रही हैं, वो वापस जापान को एक्सपोर्ट की जा रही हैं। एक तरह से मारुति सुजुकी कंपनी मेक इन इंडिया की ब्रांड एम्बेसडर बन चुकी है। पैसा किसी का भी लगे, मुझे इससे कोई लेना देना नहीं है। वो चाहे डॉलर हो या पॉन्ड हो या और करेंसी हो, लेकिन इससे जो प्रोडक्शन हो उसमें पसीना मेरे देशवासियों का होगा, जो प्रोडक्शन होगा, उसमें महक मेरे देश की मिट्टी की होगी। आज पूरी दुनिया, भारत की ओर देख रही है। ऐसे समय में कोई भी राज्य पीछे नहीं रहना चाहिए। हर राज्य को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। हिंदुस्तान आने वाले निवेशकों को इतना कन्फ्यूजन होना चाहिए कि वे सोचें, मैं इस राज्य में जाऊं या उस राज्य में। मैं सभी राज्यों को निमंत्रण देता हूं, आइए, रिफॉर्म की स्पर्धा करें, प्रो-डेवलपमेंट पॉलिसी की स्पर्धा करें और गुड गवर्नेंस की स्पर्धा करें। गर्व से स्वदेशी की ओर बढ़ चलें। मुझे आपका साथ चाहिए दोस्तो, 2047 तक हम विकसित भारत बनाकर रहेंगे।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'वोट' 'सिलसिला' 'खेत' 'बुलेट'

वोट तो मिलते नहीं नौटंकियां करते रहो,
बेवकूफी ही का बस ये सिलसिला काम आएगा।
खेत में जाओ या तुम बैठो बुलेट की सीट पर,
ऐसे मौकों पर हमेशा कैमरा काम आएगा।

## अधिवक्ता प्रकरण, कार्रवाई न होने पर अधिवक्ताओं ने रखी हड़ताल

**जानसठ, 26 अगस्त (बु.)।** बार संघ के अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी देने वालों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर अधिवक्ताओं में रोष है, जिसको लेकर अधिवक्ताओं ने न्यायालय में हड़ताल रखते हुए न्याय कार्य से विरत रहे। विगत दिवस ग्राम शुक्रताल निवासी अधिवक्ता नरेन्द्र सोम को दबंगों द्वारा जान से मारने की धमकी मिली, जिसको लेकर अधिवक्ता इकट्ठा होकर एसडीएम जयेंद्र सिंह से मिले थे और प्रकरण की जानकारी दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर अधिवक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। अधिवक्ताओं ने हड़ताल कर प्रेस नोट जारी करते हुए आरोप लगाया कि अपराधिक किस्म के व्यक्तियों द्वारा दुर्व्यवहार किया गया था तथा मार-पीट करने का प्रयास करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई थीं, जिसके सम्बन्ध में दिनांक 25.08.2025 को ही एक प्रार्थना पत्र के माध्यम से एसडीएम जानसठ को कार्यवाही करने हेतू बार संघ प्रतिनिधि मण्डल ने अवगत कराया था। अधिवक्ताओं का कहना है कि किन्तु 24 घण्टे से ज्यादा समय बीतने के बाद भी कोई कार्यवाही न होने पर बार संघ के अधिवक्ताओं में काफी रोष है, जिस कारण बार संघ जानसठ के अधिवक्ता 26.08.2025 को न्यायिक कार्य से विरत रहे। बार संघ के अध्यक्ष शशि सैनी व सचिव योगेश गुर्जर ने कहा कि शीघ्र कठोर कार्यवाही न की गई, तो तहसील बार संघ जानसठ द्वारा कठोर निर्णय लिया जायेगा।

## आज आ रहे भक्तों के बीच स्वर्ण रथ पर सवार हो गणपतिजी



**मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)।** भरतिया कॉलोनी स्थित श्री गणपति धाम खाटू श्याम मंदिर की ओर से आयोजित होने वाले सिद्धिविनायक श्री गणपति के जन्मोत्सव की धूम के बीच आज बुधवार 27 अगस्त को भक्तों का कल्याण करने के निमित्त श्री गणपति महाराज जी पधार रहे हैं। श्री गणपति धाम मंदिर से भव्य शोभायात्रा बुधवार को प्रातः 10 बजे पूजा-अर्चना के बाद प्रारंभ होकर परम्परागत मार्ग से नवीन मंडी स्थल गुड़ मंडी से राजवाहा रोड, मुनीम कॉलोनी, नई मंडी बड़े डाकखाने के सामने से निकल कर गौशाला रोड, नन्दी स्वीटस के बराबर से पुरानी गुड़ मंडी, पीठ बाजार, बिन्दल बाजार, मेहता क्लब, वकील रोड, चौड़ी गली गौशाला रोड से होकर भोपा पुल के बराबर से होते हुए वापस वकील रोड से नई मंडी बिजली घर होते हुए डाकखाने के सामने से वापस मंदिर पर संपन्न होगी। श्री गणपति जी महाराज स्वर्ण रथ पर स्वर्ण रूप में भक्तों के कष्टों को हरने के लिए स्वयं चलकर आयेंगे और भक्तों के निवास व प्रतिष्ठानों को मंगलमय करेंगे। शोभायात्रा मार्ग को तोरण द्वारों व झंडों से सजाने के साथ भव्य रूप दिया गया है। इस शोभायात्रा में श्री खाटू श्याम जी का विशाल रथ, 12 झांकियां, 04 बैंड, 02 ढोल ताशे, 02 डीजे, 02 आतिशबाजी, 02 टैम्पू यात्रा के मुख्य आकर्षण रहेंगे। इसके साथ राष्ट्रभक्त शिवाजी महाराज जी, देशभक्ति की झांकियां भी विशेष आकर्षण के केंद्र में रहेंगी।





## चेयरपर्सन ने शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित बनाने का लिया संकल्प

### - प्रेम विहार में ओपन जिम के साथ किया 6 वार्डों में सड़कों व विकास कार्यों का लोकार्पण

**मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)।** नगर पालिका चेयरपर्सन ने मौहल्ला प्रेम विहार में ओपन जिम का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने करीब एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले छह वार्डों में आठ सड़कों सहित नवनिर्मित कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान अनेक स्थानों पर सभासदों व स्थानीय नागरिकों ने उनका स्वागत किया। पालिका चेयरपर्सन ने जनता से संवाद करते हुए कहा कि नगर पालिका का लक्ष्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाना है, जिसमें जनहित कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रहे है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में पारदर्शिता-समयबद्धता सुनिश्चित कराना उनकी जिम्मेदारी है। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप द्वारा राज्य वित्त आयोग के तहत प्राप्त धनराशि से वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत हुए निर्माण कार्य जनता को समर्पित करते हुए उनके लोकार्पण किए। उन्होंने शहर के छह वार्डों में आठ सड़कों सहित एक वार्ड में ओपन जिम व अन्य विकास कार्यों का उद्घाटन किया, जिनमें प्रेम विहार, सहावली, अलमासपुर, कच्ची सड़क, उत्तरी रामपुरी, गऊशाला नदी रोड में विकास कार्य किए। मंगलवार को इस कड़ी में वार्ड 14 में सभासद राखी पंवार के वार्ड में करीब साढ़े 5 लाख रुपये की लागत से ओपन जिम, दो सोलर एलईडी स्ट्रीट लाइट और फुटपाथ निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इसके साथ ही वार्ड 40 में सभासद कुसुमलता पाल, बिजेन्द्र पाल व स्थानीय लोगों के साथ गाजावाली पुलिया के पास करीब 8 लाख रुपये से आरसीसी नाली व सीसी सड़क, वार्ड 38 में सभासद मरजुबाना के साथ पंचायती स्कूल सरवट में करीब 10 लाख की लागत से तैयार सीसी सड़क, वार्ड 28 में सभासद मोहित मलिक के साथ गऊशाला नदी रोड पर करीब 17 लाख रुपये की लागत से दो सीसी सड़क व आरसीसी नाली निर्माण कार्य, वार्ड 2 सहावली के मौ. फूलनगर में सभासद बबली के साथ करीब पांच लाख रुपये की सड़क, वार्ड एक अलमासपुर में सभासद राजेश देवी के साथ 58 लाख रुपये की लागत से दो सीसी सड़क व आरसीसी नाली निर्माण कार्य तथा वार्ड 15 उत्तरी रामपुरी में सभासद सुनीता के साथ करीब छह लाख की लागत से तैयार सीसी सड़क का उद्घाटन किया। उधर इस सम्बन्ध में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि स्वस्थ नागरिक स्वस्थ समाज की नींव होते हैं, ऐसे में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने के लिए एक ओपन जिम स्थापित करने के साथ शहर को बिना भेदभाव के प्राथमिकता के आधार पर विकसित बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर के सभी वार्डों में विकास की गति को संतुलित रखा जाएगा, ताकि किसी क्षेत्र की उपेक्षा न हो।

WE ARE HIRING
Join Our Professional Team
Admission Counsellor
Graduation, Min. experience 1 Year
Office Staff
Min.experience 1 Year
Computer Trainer
Graduation, Min.experience 2 Years
NIGT®
A SOFTWARE & HARDWARE NETWORKING INSTITUTE
APPLY NOW
Send your CV to: nigt.mzn@gmail.com
+91 9997771235, 7500150019
www.nigt.in
OPPOSITE, RISHI SWEETS, PRAKASH CHOWK, MUZAFFARNAGAR 251001

आवश्यकता है
नये या अनुभवी व्यक्ति
योग्यता : ग्रेजुएट
जॉब टाइटल :- कार्यालय कार्यकारी (स्त्री / पुरुष)
• M.S. Office की जानकारी
• हिन्दी व इंग्लिश टाईपिंग
• ई-वे बिल सिस्टम जानकारी
• Corel Draw/Photoshop/Autocad की जानकारी वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता
वेतन ₹10,000 से 18,000
जॉब टाइटल :- इवेंट/टैन्ट सुपरवाइजर (केवल पुरुष)
लेबर से काम लेने का कार्य •
एक्स्ट्रा टाइम में काम करने का इच्छुक •
गोदाम व माल का मैनेजमेन्ट •
बेसिक हिन्दी और अंग्रेजी पढ़ना व लिखना •
बेसिक कम्प्यूटर एवं स्मार्टफोन की जानकारी होना •
वेतन ₹12,500 से 18,000
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा यहां भेजें:
WhatsApp: 6395546761 | new.a.jain.arpan@gmail.com
अपना बायोडाटा और जिस पद के लिए आप आवेदन कर रहे हैं उसका विवरण शामिल करें, कृपया असंबंधित पूछताछ न भेजें
Gandhi Tent House, Muzaffarnagar

# भारत में निर्मित इलेक्ट्रिक वाहन 100 देशों में निर्यात किए जाएंगे: मोदी






**अहमदाबाद, 26 अगस्त (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां कहा कि भारत में निर्मित इलेक्ट्रिक वाहन 100 देशों में निर्यात किये जायेंगे, साथ ही देश में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड उत्पादन भी शुरू होगा। श्री मोदी ने गुजरात में अहमदाबाद जिले के हांसलपुर में सुजुकी की 'ई-विटारा' इलेक्ट्रिक कार का अनावरण, ग्रीन मोबिलिटी पहल का उद्घाटन किया और कहा कि गणेशोत्सव की उत्सव भावना के बीच मेक इन इंडिया यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ रहा है। आज से भारत में निर्मित इलेक्ट्रिक वाहन 100 देशों में निर्यात किये जायेंगे। साथ ही घोषणा की कि देश में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड उत्पादन भी शुरू होगा। प्रधानमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि गणेश चतुर्थी के उत्सव के बीच, भारत की 'मेक इन इंडिया' यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' के साझा लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है। श्री मोदी ने कहा कि आज का दिन भारत और जापान की मैत्री को एक नया आयाम देता है, उन्होंने भारत, जापान और सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत की सफलता की कहानी के बीज 12-13 साल पहले बोये गये थे, 2012 में, उनके मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल के दौरान, हांसलपुर में मारुति सुजुकी को ज़मीन आवंटित की गयी थी। उस समय भी आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया का दृष्टिकोण मौजूद था। वे शुरुआती प्रयास अब देश की वर्तमान आकांक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने दिवंगत ओसामु सुजुकी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारत सरकार ने उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें मारुति सुजुकी इंडिया के लिए श्री ओसामु सुजुकी के दृष्टिकोण के व्यापक विस्तार को देखकर खुशी हो रही है।

## उप्र में काम करने वाले युवाओं को मिलेगी न्यूनतम वेतन की गारंटी: योगी



**लखनऊ, 26 अगस्त (वार्ता)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कार्य करने वाले प्रत्येक युवा को न्यूनतम वेतन की गारंटी दी जायेगी और कोई भी कंपनी या नियुक्ता कर्मचारी का शोषण नहीं कर पायेगा। लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय ''रोजगार महाकुंभ 2025'' का शुभारंभ के मौके पर उन्होने कहा कि नियुक्ति देने वाली कंपनियां अपने कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करेंगी, जबकि इसके अतिरिक्त चार्जेज की जिम्मेदारी सरकार उठायेगी। यह व्यवस्था युवाओं को सम्मानजनक रोजगार, नौकरी की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बन रहा है, जहां काम करने वाले हर युवा को न्यूनतम मजदूरी और न्यूनतम वेतन की गारंटी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को अपार ऊर्जा का स्रोत बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी युवा आबादी इस राज्य के लिए सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि आज यूपी की प्रतिभा की मांग देश-दुनिया में हो रही है, और जो प्रदेश कभी रोजगार के लिए पलायन का दंश झेलता था, आज वही रोजगार उपलब्ध करा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी पूरा-का-पूरा गांव रोजगार के लिए प्रदेश छोड़कर पलायन करता था, लेकिन आज वही उत्तर प्रदेश अपने भीतर ही रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है। यह परिवर्तन बीते 8 वर्षों में हुए सुनियोजित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज यूपी की प्रतिभा की मांग केवल देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में हो रही है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन रोजगार और विकसित भारत के संकल्प का हिस्सा है। हर युवा को उसकी योग्यता के अनुसार काम मिलना जरूरी है। जहां अवसर मिला, वहां इन युवाओं ने अपनी प्रतिभा और सामर्थ्य से लोहा मनवाया है योगी ने कहा कि प्रदेश में ''एक जिला एक उत्पाद' योजना के जरिए परंपरागत उद्यमों को नई पहचान दी गई है। एमएसएमई सेक्टर में 96 लाख यूनिट पुनर्जीवित हुए हैं। कोरोना काल में जब 40 लाख से अधिक प्रवासी कामगार लौटे, तब इन्हीं एमएसएमई यूनिट्स ने 90 प्रतिशत को रोजगार दिया, और वे आज भी उसी व्यवस्था से जुड़े हैं। उन्होने बताया कि प्रदेश सरकार ने एमएसएमई यूनिट्स का रजिस्ट्रेशन करवाने वाले उद्यमियों को पांच लाख रुपये का सुरक्षा बीमा कवर उपलब्ध कराया है। यदि प्रत्येक यूनिट दो से 10 युवाओं को रोजगार दे रही है, तो लाखों-करोड़ों लोग प्रदेश में सम्मानजनक काम पा रहे हैं। यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को साकार कर रहा है। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनथ ने कहा कि परंपरागत कारीगरों और हस्तशिल्पियों को सम्मान देने के लिए ''विश्वकर्मा श्रम सम्मान'' और ''पीएम विश्वकर्मा'' योजनाएं लागू की गई हैं। बढ़ई, राजमिस्त्री, लोहार, सोनार, कुम्हार, मोची, नाई जैसे परंपरागत कामगारों को मुफ्त टूलकिट, सस्ता ऋण और ट्रेनिंग दी जा रही है।

## एक मंच पर जुटेंगे पीएम मोदी, पुतिन और जिनपिंग, अमेरिका को करारा जवाब

### चीन की धरती पर 31 अगस्त को पावर शो...



**नई दिल्ली 26 अगस्त (एजेंसी)।** अमेरिका ने हाल के दिनों भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया है। ट्रंप ने दावा किया है कि अगर कोई देश रूस से तेल खरीदता है, तो उसको कड़े टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस समय पूरी दुनिया में टैरिफ युद्ध छेड़ दिया है। इस बीच दुनिया के 20 देशों के दिग्गज एक मंच पर जुटेंगे। जिसमें पीएम मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लोदिमीर पुतिन इत्यादि शामिल हैं। चीन के तियानजिन में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (रउड) शिखर सम्मेलन के दौरान ये सभी एक साथ होंगे। इन दिग्गजों के एक साथ आने के बाद जाहिर है ट्रंप की नींद उड़ जाएगी। चीन के सहायक विदेश मंत्री लियू बिन ने बताया कि है कि एससीओ बैठक में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी और अन्य देश के कई दिग्गज शामिल होंगे ये आयोजन चीन के तियानजिन शहर में होगा। बता दें कि दो दिवसीय इस समिट में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और नौ अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख भी हिस्सा लेंगे। एससीओ शिखर सम्मेलन की मेजबानी चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग कर रहे हैं। इस शिखर सम्मेलन के दौरान एससीओ के सभी देश एक संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। वहीं, इसके अतिरिक्त सभी सदस्य देश एससीओ विकास रणनीतिक को मंजूरी देंगे, सुरक्षा और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर भी चर्चा करेंगे। माना जा रहा है कि इस घोषणा पत्र में अमेरिका की टैरिफ नीति को करारा जवाब दिया जा सकता है। बता दें कि भारत में चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने गुरुवार को कहा कि इस महीने अंत में होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए पीएम मोदी की चीन यात्रा शिखर सम्मेलन और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। भारत में चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने कहा कि चीन पीएम मोदी की इस यात्रा को बेहद महत्व देता है। उन्होंने कहा कि पीएम की चीन यात्रा न केवल एससीओ बल्कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के लिए भी एक बेहद महत्वपूर्ण घटना होने वाली है। चीन और भारत का एक कार्य समूह इस यात्रा को सफल बनाने की तैयारी कर रहा है। गौरतलब है कि इस शिखर सम्मेलन के माध्यम से चीन अमेरिका को शक्ति प्रदर्शन दिखाने की कोशिश करेगा। इससे पहले चीन के सहायक विदेश मंत्री लियू बिन ने एससीओ की बैठक को एक खास देश के चरित्र से अलग करार दिया। उन्होंने बिना नाम लिए अमेरिका को लेकर कहा कि कुछ देश अपने राष्ट्रीय हित को दूसरों के हित ऊपर रखना चाहते हैं। इससे साफ होता है कि उन्होंने अमेरिका की ओर इशारा किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ही दुनिया भर में टैरिफ युद्ध छेड़े हुए हैं। लियू ने दावा किया कि एससीओ की सिद्धांत एक की जीत में दूसरे की हार जैसी पुरानी अवधारणाओं से काफी अलग है। उन्होंने कहा कि समय के साथ यह संगठन और भी मजबूत हुआ है।

नि:शुल्क सर्जिकल शिविर
आपको जानकर हर्ष होगा कि आपके शहर मुजफ्फरनगर में दिनांक 28 अगस्त 2025, दिन गुरूवार को ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, पर एक नि:शुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।
इस कैंप में मुजफ्फरनगर के मशहूर अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता यूरोलॉजिस्ट एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।
इस कैंप में
• पित्त की थैली में पथरी, अपैंडिक्स एवं हार्नियां का परामर्श
• गुर्दे की पथरी, गुर्दे की नलकी की पथरी, मसाने की पथरी, मसाने का कैंसर, गदूद की समस्या, पेशाब की नलकी का सिकुड़ना।
• पेशाब सम्बंधित अन्य रोग, जैसे स्त्रियों में खांसते व छींकते हुए पेशाब निकल जाना, पेशाब रूक-रूक कर आना, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना, पेशाब की धार कमजोर होना।
• स्तन (Breast) स्त्रियों की छाती में सम्बन्धित रोग जैसे स्तन या बगल में गाँठ होना, निप्पल से खून आना
• स्तन के आकार में बदलाव आना, निप्पल का अंदर की ओर धसना जैसे रोगो का नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।
• गुदा संम्बधित रोग जैसे बावासीर, मस्से, भगंदर, नासूर का लेजर द्वारा इलाज
नि:शुल्क पी.एस.ए. गदूद के कैंसर की जाँच
ऑपरेशन पर भारी छूट
नि:शुल्क यूरोफ्लोमेट्री पेशाब की धार की जाँच
स्थान : ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर
फ्री परामर्श का समय
28 अगस्त 2025, गुरूवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
रजिस्ट्रेशन के लिए शीघ्र सम्पर्क करें - 9319993779
रोगियों से अनुरोध है कि वे अपनी जाँच व इलाज सम्बन्धी कागज (यदि हो तो) जरूर लेकर आयें

## आप नेता सौरभ भारद्वाज के घर ईडी के छापे, हॉस्पिटल कंस्ट्रक्शन स्कैम में 12 और ठिकानों पर तलाशी

**नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार सुबह आप नेता और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 ठिकानों पर छापेमारी की। उन पर हॉस्पिटल कंस्ट्रक्शन में करप्शन का आरोप है। दिल्ली की एंटी-करप्शन ब्रांच ने एक साल पहले आप सरकार के दौरान स्वास्थ्य ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू की थी। जांच एजेंसी ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ जून में केस दर्ज किया था। बाद में मामला ईडी को ट्रांसफर कर दिया गया था। केंद्रीय एजेंसी ने जुलाई में केस दर्ज किया था। इस कार्रवाई पर अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा, "सौरभ भारद्वाज के घर ईडी की रेड हुई। ये दिखाता है कि मोदी सरकार आप के पीछे पड़ गई है। सरकार हमारी आवाज दबाना चाहती है। हम भाजपा से नहीं डरते। हम देश हितों के साथ खड़े हैं।" इस मामले में आतिशी बोलीं- ये रेड 100 परसेंट फर्जी है सौरभ भारद्वाज के यहां ईडी की रेड क्यों पड़ी। दरअसल कल से पीएम मोदी की डिग्री को लेकर चर्चा हो रही है।

# नहीं कम हो रहे हैं वायरल के मामले, अभी भी 50% से अधिक है अनुपात

**मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु)।** पिछले कुछ दिनों से मौसमी वायरल ने क्षेत्र के लोगों में हड़-कंप सा मचा रखा है। अस्पताल में प्रतिदिन सैकडों मामले मौसमी वायरल के आ रहे हैं। आपको बता दें कि बुलेटिन आपको जागरूक करने के लिये वायरल के मामलों की जानकारी शुरू से दे रहा है।

### मंगलवार को 1200 पर्चियों में 600 से ज्यादा वायरल के मरीज

आज भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार आज जनपद के जिला अस्पताल में कुल 1200 के लगभग पर्चियां बनी। इसमें से लगभग 600 से अधिक मामले मौसमी वायरल के सामने आये हैं। हालांकि आपको बता दें कि पिछले दो दिनों में मामलों में कमी आई थी, लेकिन अब दो दिन बाद फिर से रफ्तार पकड़ ली है। ऐसे में बुलेटिन संवाददाता ने इससे संबंधित डॉक्टर से बात की, तो उन्होंने बताया कि इससे डरने की जरूरत नहीं होती है। यह एक नॉर्मल मौसमी बीमारी है, लेकिन इससे बचाव करना जरूरी होता है। अगर समय से इसका इलाज नहीं करेंगे, तो यह घातक रूप भी ले सकता है। आपको यह जानना जरूरी है वायरल होता क्या है। मौसमी वायरल बुखार विभिन्न वायरस के कारण होने वाली बीमारियों को संदर्भित करता है, जो कुछ खास मौसमों में पनपते हैं, खासकर मानसून या सर्दियों जैसे मौसमों के बीच संक्रमण के दौरान। ये बुखार अक्सर शरीर के उच्च तापमान, ठंड लगना, शरीर में दर्द, सिरदर्द और कभी-कभी बहती नाक या गले में खराश जैसे लक्षणों के साथ आते हैं। इन्फ्लुएंजा वायरस, डेंगू वायरस या यहां तक कि सामान्य सर्दी के वायरस भी मौसम में होने वाले इन बदलावों के दौरान पनपते हैं, जिससे लोग संक्रमण के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। इससे बचने के लिये अपने हाथों को साबुन और पानी से कम से कम 20 सैकेंड तक बार-बार धोएँ। अगर साबुन उपलब्ध न हो, तो कम से कम 60% एल्कोहल वाले हैंड सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें। इसके अतिरिक्त अपने प्रतिरक्षा तंत्र को ठीक से काम करने के लिए खूब सारा पानी और तरल पदार्थ पिएँ। हाइड्रेटेड रहने से आपके शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं और संक्रमण से लड़ने में मदद मिलती है। फलों, सब्जियों, साबुत अनाज और लीन प्रोटीन से भरपूर स्वस्थ, संतुलित आहार खाकर अपनी प्रतिरक्षा को मजबूत करें। विटामिन सी और ई, जिंक और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य पदार्थ प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से अच्छे होते हैं। इसके अलावा प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए नींद बहुत जरूरी है। सुनिश्चित करें कि आप हर रात 7-9 घंटे की नींद ले रहे हैं, ताकि आपके शरीर को संक्रमण से लड़ने के लिए जरूरी आराम मिल सके। फ्लू के मौसम या वायरल बुखार के प्रकोप के दौरान, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों से बचना अच्छा विचार है, जहां आप संक्रमित व्यक्तियों के संपर्क में आ सकते हैं। आपको बता दें कि जो आंकड़ा जनपद का हमने आपको दिखाया है वो सिर्फ सरकारी है। पूरे जनपद में कितने मरीज प्राइवेट डॉक्टरों के पास जा रहे होंगे यह आप खुद ही समझ सकते हैं।

### आप डॉक्टर की सलाह पर ले सकते हैं ये दवाईयां

**मुजफ्फरनगर।** मौसमी वायरल के लिए कोई खास दवाई लेने के बजाए डॉक्टर की सलाह पर बुखार कम करने के लिए पैरासिटामोल या आइबुप्रोफेन जैसी दवाएं ले सकते हैं। आराम करें, तरल पदार्थ खूब पिएं, और आसानी से पचने वाला हल्का भोजन खाएं। स्व-चिकित्सा से बचें, क्योंकि यह हानिकारक हो सकती है। डॉक्टर की सलाह पर बुखार और दर्द को कम करने के लिए ये दवाएं ली जा सकती हैं। एंटीबायोटिक्स केवल बैक्टीरियल संक्रमण के लिए प्रभावी होती हैं, वायरल संक्रमण के लिए नहीं। डॉक्टर से सलाह के बिना एंटीबायोटिक्स न लें।



## कुछ दिन होती है कार्रवाई फिर करता है विभाग आराम, तभी तो पटाखा बुलेट घूमती हैं खुलेआम

**मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु)।** प्रशासन आये दिन बड़ी-बड़ी बातें कहकर चंद बुलेट पर कार्रवाई कर फिर आराम की नींद सो जाता है। ऐसे में शहर में कोई भी मसला पूरी तरह हल नहीं हो पाता, ऐसा ही मामला पटाखा बुलेट के साथ भी है। एक माह पूर्व बड़े ही जोर- शोर से पटाखा बुलेट पर कार्रवाई करते हुए कई हजार का जुर्माना लगाया गया था, जो शहर में विभिन्न सड़कों पर पटाखा फोड़ते हुए चलती थी।

प्रशासन की इस कार्रवाई से बड़ी राहत उन लोगों को मिली थी, जिनके आगे पीछे चलकर यह बुलेट आचानक से पटाखे छोड़ देती थी। सबसे ज्यादा परेशानी नन्हें बच्चों बुजुर्गों व महिलाओं को हुआ करती थी। इन पटाखा बुलेट से अचानक पटाखे बजने से दिल सा बैठ जाता है। मगर हैरानी कि बात यह है कि चंद दिन चलने के बाद फिर वहीं ढाक के तीन पात दिखाई देने लगे हैं। खुलेआम यह पटाखा बुलेट गांधी कॉलोनी, नई मंडी, शहर की विभिन्न सड़कों पर दौड़ती देखी जा सकती है और जिस प्रशासन को नहीं दिखती, वे एक बार बुलेटिन का सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर अथवा मुजफ्फरनगर बुलेटिन समाचार पत्र में आये दिन देख लिया करें और सिर्फ एक दिन नहीं ऐसे दृश्य बुलेटिन प्रतिदिन दिखा सकता है। हालांकि यह काम प्रशासन का है, मगर आम आदमी त्रस्त होकर लगातार बुलेटिन को इसकी शिकायत करता रहता है। ऐसे बुलेटिन का प्रशासन से अनुरोध है कि ऐसी कार्रवाईयों को रोज भी ना कर पायें, तो सप्ताह में दो दिन तो कर ही लिया करें, जिससे आमजन में दहशत का माहौल खत्म हो और बिना नंबर प्लेट वाली बुलेट से पटाखा बजाती ऐसी बुलेट से आम जनता को राहत मिले।



## ट्रंप के 50 फीसदी टैरिफ का मीटर कल से चालू, ट्रंप ने पिछले हफ्ते की थी घोषणा

**नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारत पर लगाए गए 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ की दरें बुधवार से लागू हो जाएंगी। होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट की तरफ से मंगलवार 26 अगस्त को नए टैरिफ की एक नोटिफिकेशन साइट पर अपलोड कर दी गई है। इसके बारे में कहा गया है कि इसे बुधवार (27 अगस्त) को आधिकारिक रजिस्टर में जारी कर दिया जाएगा। इन नई टैरिफ दरों के साथ भारत पर टैरिफ 50 फीसदी तक हो गया है। इस मामले को लेकर इंडस्ट्री में थोड़ी सी निराशा भी है और विशेषज्ञों का कहना है कि एक्सपोर्ट पर इसका खासा असर पड़ने वाला है। अगर अमेरिका 27 अगस्त, 2025 से 50 फीसदी टैरिफ भारत के एक्सपोर्ट प्रोडक्ट्स पर लगता है तो करीब 40 बिलियन डॉलर से 50 बिलियन डॉलर तक भारतीय एक्सपोर्ट प्रभावित होगा। इसका असर 1.50 से 2 प्रतिशत तक जीडीपी पर पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है और इसका बहुत ज्यादा असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर नहीं पड़ेगा, लेकिन 50 फीसदी टैरिफ लगने से अमेरिकी बाजार में भारतीय एक्सपोर्ट प्रॉडक्ट्स कम कॉम्पिटेटिव हो जाएंगे, क्योंकि ट्रंप प्रशासन ने भारत के कई प्रतिद्वंद्वी देशों जैसे इंडोनेशिया, बांग्लादेश, तुर्की और पाकिस्तान पर भारत के मुकाबले काफी कम रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया है। भारतीय निर्यात पर 50 फीसदी टैरिफ के असर को कम करने के लिए सरकार को राहत पैकेज देने पर विचार करना चाहिए।




## मुखिया गुर्जर ने दी मतांतरण की धमकी, बिना अनुमति गुर्जर गौरव यात्रा निकालने पर अड़े 35 लोग गिरफ्तार

**मेरठ, 26 अगस्त (एजेंसी)।** सम्राट मिहिर भोज की जयंती पर बिना अनुमति गुर्जर गौरव यात्रा निकालने पर अड़े पथिक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुखिया गुर्जर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कुलविंद्र सिंह तथा आयोजक आकाश गुर्जर समेत 35 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। उधर, सभी को शाम को मुचलका पाबंद की कार्रवाई करते हुए छोड़ दिया गया। इसके बाद मुखिया गुर्जर ने कहा कि समाज का उत्पीड़न हुआ, तो मतांतरण करना पड़ेगा। मंगलवार को गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज की जयंती पर कमिश्नरी पार्क और मवाना में दो स्थानों पर गुर्जर गौरव यात्रा निकाले का ऐलान किया गया था। यह दोनों कार्यक्रम पथिक सेना की तरफ से आयोजित किए गए थे। प्रशासन ने कानून व्यवस्था प्रभावित होने की वजह दिखाकर कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी। उसके बाद भी गुर्जर समाज के अनेक लोग कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए। आकाश गुर्जर ने मवाना में बड़ा महादेव मंदिर से तहसील तिराहा तक यात्रा निकालना चाहते थे। सपा नेता मुखिया गुर्जर कमिश्नरी चौराहे से यात्रा निकालने की तैयारी कर रहे थे। गुर्जर समाज के लोग यात्रा निकालने पर अड़े थे। सुबह ही दस बजे मुखिया गुर्जर अपने बेटे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कुलविंद्र सिंह और मोनू गुर्जर समेत करीब 30 लोगों के साथ सिविल लाइंस थाने के समीप कमिश्नरी आवास के पास धनसिंह कोतवाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उसके बाद कमिश्नरी पार्क से मुखिया गुर्जर यात्रा निकालने पर अड़े थे। कार में सवार होकर कमिश्नरी पार्क जा रहे थे। आटो सामने लगाकर उनकी कार को रोका गया। सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी ने पुलिस फोर्स के साथ मुखिया गुर्जर और उनके तीस साथियों को गिरफ्तार कर अस्थाई जेल पुलिस लाइन के नए आडिटोरियम में रखा गया। इसी बीच मवाना में गुर्जर गौरव यात्रा निकालने पर अड़े आकाश गुर्जर और देवेंद्र गुर्जर समेत पांच लोगों को सीओ आशुतोष कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गिरफ्तार कर पुलिस लाइन लेकर आ गई। सभी 35 लोगों को शाम तक पुलिस लाइंस में बनाई अस्थाई जेल में रखा गया। उसके बाद मुचलका पाबंद की कार्रवाई करते हुए छोड़ दिया। उधर, कंकरखेड़ा के जेवरी में भी गुर्जर गौरव यात्रा निकालने को लेकर सीओ प्रकाश चंद अग्रवाल की समाज के लोगों से जमकर नोकझोंक हुई। उन्होंने यात्रा को बीच में ही रोक दिया।



## यूपी के संभल में शिव मंदिर से हटाई साईं बाबा की प्रतिमा, गंगा नदी में विसर्जन

**संभल, 26 अगस्त (एजेंसी)।** शिव मंदिर में वर्षों से स्थापित साईं बाबा की प्रतिमा मंगलवार तड़के हटा दी गई। सुबह लगभग चार बजे समिति के सदस्य प्रतिमा को सम्मानपूर्वक मंदिर से उठाकर अनूपशहर ले गए, जहां गंगा में उसका विधि-विधान से विसर्जन किया गया। समिति ने बताया कि गणेश चतुर्थी के अवसर पर अब मंदिर में भगवान गणेश की नई प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस अवसर पर प्रतिदिन भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। दरअसल, मंदिर के पुजारी आचार्य पंडित अवनीश शास्त्री ने साईं बाबा की प्रतिमा को हटाने के पीछे का तर्क भी सामने रखा। उन्होंने कहा था कि सनातन धर्म में भगवानों, ऋषियों और अवतारों का स्पष्ट उल्लेख शास्त्रों में मिलता है, लेकिन उनमें साईं बाबा का कहीं उल्लेख नहीं है। उनका कहना था कि शिव मंदिर सनातन परंपराओं का केंद्र है, जहां केवल वैदिक देवी-देवताओं की पूजा ही की जानी चाहिए। इस पर मंदिर समिति और श्रद्धालुओं ने सहमति जताई कि साईं बाबा का सम्मान अपनी जगह है, लेकिन उन्हें सनातन परंपरा का अंग मानना उचित नहीं होगा। मंदिर समिति ने कुछ दिन पूर्व बैठक कर यह निर्णय लिया था कि साईं बाबा की प्रतिमा को मंदिर से सम्मानपूर्वक हटाया जाएगा। उस समय मौजूद श्रद्धालुओं ने भी पुजारी के विचारों का समर्थन किया था। समिति ने आश्वासन दिया था कि प्रतिमा को अपमानित नहीं किया जाएगा, बल्कि विधिवत विसर्जन किया जाएगा। मंगलवार को यह निर्णय अमल में आया। प्रतिमा विसर्जन के बाद मंदिर परिसर में अब गणेश चतुर्थी की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना के साथ प्रतिदिन भजन-कीर्तन का आयोजन होगा।



## मिग-21 लड़ाकू विमानों ने भरी अंतिम उड़ान, 62 वर्षों तक की वायुसेना की सेवा

**जयपुर, 26 अगस्त (एजेंसी)। भारतीय वायुसेना के लड़ाकू बेड़े की रीढ़ रहे मिग-21 लड़ाकू विमानों ने बीकानेर के नाल स्थित वायुसैनिक अड्डे पर अपनी अंतिम उड़ान भरी। इन विमानों को 26 सितंबर को चंडीगढ़ में आयोजित औपचारिक सेवानिवृत्ति समारोह में अंतिम विदाई दी जाएगी। मिग-21 की प्रतीकात्मक विदाई की बेला पर वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने 18-19 अगस्त को नाल से मिग-21 में एकल उड़ान भरी। यह 62 वर्षों तक वायुसेना की सेवा करने वाला रूसी मूल का लड़ाकू विमान रहा और इसकी अंतिम उड़ान कई पीढ़ियों को भावुक वाला क्षण था।**

**एयर चीफ मार्शल सिंह ने अपनी उड़ान के बाद कहा, 'मिग-21 वर्ष 1960 के दशक में अपनी शुरूआत से ही भारतीय वायुसेना का सबसे शक्तिशाली लड़ाकू विमान रहा है और हम अब भी इसे इस्तेमाल कर रहे हैं। यह इतिहास में सबसे अधिक बड़े पैमाने पर निर्मित किए गए सुपरसोनिक लड़ाकू विमानों में से एक है, जिसके 11000 से ज्यादा विमान 60 से अधिक देशों में इस्तेमाल किए जा चुके हैं।' एपी सिंह ने कहा, 'मिग-21 के साथ मेरा पहला अनुभव 1985 में रहा जब मैंने तेजपुर में इसका टाइप-77 वैरिएंट उड़ाया। यह एक अद्भुत अनुभव था। यह फुर्तीला, अत्यधिक गतिशील और डिजाइन में सरल था। हालांकि, इसके लिए कुछ शुरूआती प्रशिक्षण की आवश्यकता थी। यह उड़ाने के लिए अद्भुत विमान है और इसे उड़ाने वाले सभी लोग इसको याद करेंगे।' इंटरसेप्टर के रूप में मिग-21 के शानदार काम का उल्लेख करते हुए वायुसेना प्रमुख ने कहा, 'इसे इंटरसेप्ट करने के लिए बनाया गया था और इस भूमिका में इसने भारत की उल्लेखनीय सेवा की। लेकिन हर चीज का समय और स्थान होता है। तकनीक अब पुरानी हो चुकी है और उसका रखरखाव मुश्किल है। अब समय आ गया है कि तेजस, राफेल और सुखोई-30 जैसे नए मंच की ओर बढ़ा जाए।' उन्होंने कहा कि तेजस को वास्तव में मिग-21 के विकल्प के रूप में डिजाइन किया गया था। इसलिए यह छोटा विमान है। इसे मिग-21 के इर्द-गिर्द डिजाइन किया गया था और इसकी कल्पना मिराज से प्रेरित होकर की गई थी।**




## भारत में बनी पहली मारुति सुजुकी ई-विटारा को प्रधानमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

**अहमदाबाद, 26 अगस्त (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के हंसलपुर में सुजुकी मोटर प्लांट में एक खास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भारत में बनी पहली मारुति सुजुकी ई-विटारा इलेक्ट्रिक कार को हरी झंडी दिखाकर प्रोडक्शन शुरू किया। भारत के लिए यह एक बड़ा कदम है, क्योंकि यह इलेक्ट्रिक कार न केवल अपने देश में बनेगी, बल्कि दुनिया के 100 देशों में निर्यात भी होगी। इस कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और जापान के राजदूत केइची ओनो भी मौजूद थे। मारुति सुजुकी की ई-विटारा की पहली यूनिट को ब्रिटेन (यूके) भेजा जाएगा। यह कार पिछले साल यूरोप में लॉन्च हुई थी और भारत में भारत मोबिलिटी शो-2025 में प्रदर्शित की गई थी। यह कार टोयोटा के साथ मिलकर बनाए गए 40 पीएल ईवी प्लेटफॉर्म पर तैयार की गई है। टोयोटा भी इस प्लेटफॉर्म पर अपनी इलेक्ट्रिक कार अर्बन क्रूजर ईवी बनाएगी। ई-विटारा 49 केडब्लूएच और 61केडब्लूएच वाले दो बैटरी विकल्पों के साथ उपलब्ध होगी। बड़ी बैटरी के साथ डुअल-मोटर ऑल-व्हील ड्राइव सिस्टम भी मिलेगा, जिसे ऑलग्रिप-ई कहा जाता है। इसकी कीमत लगभग 20 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होने की उम्मीद है। भारत में इसका मुकाबला महिंद्रा बीई6, हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक और एमजी जेडएस ईवी जैसी कारों से होगा। इसके फीचर्स और लॉन्च की तारीख जल्द ही सामने आने की उम्मीद है। बता दें कि, पीएम मोदी अगले सप्ताह हंसलपुर में टीडीएस ली-आयन बैटरी गुजरात (टीडीएसजी) प्लांट का भी उद्घाटन करेंगे। यह प्लांट तोशिबा, डेंसो और सुजुकी के सहयोग से बनाया गया है। यहां इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों के लिए बैटरी सेल और इलेक्ट्रोड बनाए जाएंगे। यह भारत को इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग में और मजबूत बनाएगा।



## निखिल हत्याकांड में नहर से बाइक बरामद, पुलिस ने कार भी की जब्त

**मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)।** निखिल की हत्या मामले में नई मंडी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो कार को बरामद कर लिया है। वहीं गंगनहर से गोताखोरों की मदद से उसकी बाइक को भी निकाल लिया गया है। आरोपियों ने पैसे के लेनदेन के विवाद में निखिल की हत्या की थी। एक आरोपी अभी फरार चल रहा है। वह शव को तलाशने के लिए गोताखोर लगाए गए है। कूकड़ा निवासी अंकित मोहन शर्मा ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसके भाई निखिल मोहन शर्मा को प्रिंस शर्मा निवासी बचन सिंह कॉलोनी घर से बुलाकर ले गया था। तभी से उसका भाई वापस नहीं लौटा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी नई मंडी दिनेशचंद बघेल ने बताया कि आरोपी सौरभ राणा निवासी अवध विहार व निखिल मोहन शर्मा के बीच पैसो के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया था। 13 अगस्त को उसके कहने पर आरोपी प्रिंस शर्मा उसे घर से बुलाकर सौरभ राणा के टीपीनगर स्थित ऑफिस पर लेकर पहुंचा। वहां पहले से ही सौरभ राणा व उसका साथी रोहित बालियान निवासी नूनाखेड़ा थाना भोपा मौजूद था। पैसों के लेनदेन को लेकर फिर से उनका विवाद हो गया। तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी, जिसमे वह बेहोश गया। उसके बाद तीनों आरोपियों ने मिलकर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और आरोपी सौरभ की स्कॉर्पियो कार में शव डालकर खतौली में गंगनहर में फेंक दिया। बाद में उसकी बाइक को भी ले जाकर गंगनहर में फेंककर आ गए। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर गोताखोरों की मदद से बाइक को गंगनहर से निकाल लिया है, जबकि शव की तलाश कराई जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी प्रिंस व सौरभ का चालान कर दिया है, फरार तीसरें आरोपी की तलाश की जा रही है।

### ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसाइटी में तीन लोग 10 से 15 मिनट तक फंसे रहे

**ग्रेटर नोएडा 26 अगस्त (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिला परिक्षेत्र ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एस एस्पायर सोसायटी में आज अचानक लाइट के जाने से लिफ्ट फ्री फॉल होकर दो फ्लोर के बीच में अटकी गयी। जिसमें तीन लोग 10 से 15 मिनट तक फंसे रहे। सूत्रों के अनुसार लिफ्ट के इंटरकॉम मेंटेनेंस स्टाफ को सूचित करने की कोशिश की गयी लेकिन काफी समय बीत जाने पर नहीं उनको कोई मदद नहीं मिल पायी। लिफ्ट में फंसे लोगों की वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। लिफ्ट के अंदर तीन लोग 10 से 15 मिनट तक फंसे रहे।

## हिमाचल में मची तबाही- शेर-ए-पंजाब होटल का बचा सिर्फ गेट, मनाली-लेह सड़क ब्यास में समाई



**मनाली, 26 अगस्त (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में मौसम विभाग के रेड अलर्ट के बीच बारिश ने तबाही मचाई है। जगह-जगह भूस्खलन से राज्य में तीन नेशनल हाईवे सहित 690 सड़कें बंद हैं। 2,349 बिजली ट्रांसफार्मर व 234 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। इससे कई इलाकों में बिजली-पानी की आपूर्ति ठप्प है। आठ जिलों में आज शिक्षण संस्थान बंद रखे गए हैं। हिमाचल में बारिश ने कई दिनों से बर्बादी का माहौल पैदा कर रखा है। नदी-नाले उफान पर हैं और पहाड़ दरक रहे हैं। कुल्लू मनाली में बारिश से खासा नुकसान हुआ है। मनाली-लेह नेशनल हाईवे बिंदु ढांक के पास नदी में समा गया। बाहंग में एक रेस्टोरेंट और चार दुकानें ब्यास के तेज बहाव में बह गईं। भारी बारिश से मनाली के बाहंग में शेर-ए-पंजाब रेस्तरां ब्यास नदी में आई बाढ़ में बह गया। अब सिर्फ इसका गेट बचा है। 14 मील में भी रिहायशी इलाकों में पानी भर गया। 15 मील में एक शौचालय व कुछ खोखे ब्यास में बह गए। ब्यास नदी का पानी आलू ग्राउंड और बाहंग में हाईवे पर तक पहुंच गया। इसे देखते हुए हिमाचल प्रदेश सरकार ने आलू ग्राउंड और बाहंग क्षेत्र रात में ही खाली करवा दिया। आलू ग्राउंड के समीप पुलिस ने ब्यास नदी के बीच एपीएमसी भवन में फंसे व्यक्ति को किया सुरक्षित रेस्क्यू किया। मंडी के बालीचौकी में भारी बारिश के चलते 2 बिल्डिंग जमींदोज हो गईं। इन बिल्डिंगों में 40 से ज्यादा दुकानें चल रही थीं। हादसे की आशंका को देखते हुए दोनों बिल्डिंगों को 5 दिन पहले ही खाली करा दिया गया था, जिसकी वजह से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। यहां गेस्ट हाउस सहित रिहायशी कमरे और दुकानें थीं, जो कि अब पूरी तरह से जमींदोज हो गए हैं। अपने आशियानों को अपनी आंखों के सामने टूटता देख प्रभावित सदमे में हैं। प्रभावितों ने सरकार से अधिक से अधिक मदद की गुहार लगाई है।

## पोहा फैक्ट्री में बड़ा हादसा, मशीन में फंसी महिला की चुन्नी, चपेट में आने से मौत

**उज्जैन, 26 अगस्त (एजेंसी)।** शहर के ढांचा भवन क्षेत्र स्थित उद्योगपुरी में मंगलवार दोपहर एक हृदयविदारक हादसा हो गया। यहां डायमंड पोहा फैक्ट्री में काम कर रही 40 वर्षीय महिला रुबीना बी पति बबलू शाह की मशीन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रुबीना 'बी' रोज की तरह फैक्ट्री में काम कर रही थी। इसी दौरान अचानक उसका दुपट्टा मशीन के बेल्ट में फंस गया। दुपट्टा फंसते ही महिला संतुलन खो बैठी और पूरी तरह मशीन में उलझ गई। हादसा इतना भयावह था कि महिला के कपड़े फट गए और बाल मशीन के पट्टे में फंसने से सिर से अलग हो गए। कुछ ही मिनटों में महिला की दर्दनाक मौत हो गई। फैक्ट्री में मौजूद अन्य मजदूरों ने जैसे-तैसे मशीन बंद की और गंभीर हालत में महिला को जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही थाना चिमनगंज मंडी पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। सुरक्षा इंतजाम पर उठे सवाल हादसे के बाद फैक्ट्री की स्थिति देखकर साफ नजर आ रहा है कि वहां किसी भी प्रकार के सुरक्षा उपकरण मौजूद नहीं हैं। न तो कर्मचारियों के लिए सेफ्टी किट, न ही मशीनों के चारों ओर सुरक्षा घेरा लगाया गया था। प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया है कि फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों को किसी प्रकार का प्रशिक्षण या सुरक्षा मानक उपलब्ध नहीं कराया जाता। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि फैक्ट्री में न्यूनतम सुरक्षा इंतजाम होते तो इस तरह की दर्दनाक घटना को टाला जा सकता था। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## दिल्ली में खतरे के निशान को पार कर गई यमुना नदी

**नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसी)।** दिल्ली में रहने वाले लोगों से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। दिल्ली में बाढ़ की चेतावनी जारी की गई है। यमुना नदी खतरे के निशान को पार कर गई है। केंद्रीय जल आयोग द्वारा मंगलवार शाम जारी बाढ़ की चेतावनी के अनुसार, यमुना नदी बुधवार को खतरे के निशान को पार कर सकती है। जानकारी के मुताबिक, रात 09 बजे, पुराने रेलवे पुल पर यमुना नदी खतरे के निशान को पार कर 204.56 मीटर के स्तर पर पहुंच गई है। इससे पहले, सुबह 9 बजे, जलस्तर 204.58 मीटर था। बाढ़ की चेतावनी में कहा गया है, चूंकि ओआरबी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर सकता है और 205.36 मीटर तक पहुंचने की संभावना है, इसलिए सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क रहने और संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक कार्रवाई करने की सलाह दी जाती है। नदी के तटबंधों के भीतर रहने वाले लोगों को चेतावनी दी जाएगी और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी। केंद्रीय बाढ़ कक्ष के एक अधिकारी ने बताया, जलस्तर में वृद्धि का मुख्य कारण वजीराबाद और हथिनीकुंड बैराज से हर घंटे बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा जाना है। जलस्तर में और वृद्धि होने का अनुमान है।

## बरेली में तीन बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार, एक ने 9 बार की विदेश यात्रा, फर्जी आधार-पासपोर्ट बरामद

**बरेली 26 अगस्त (एजेंसी)।** बरेली की प्रेमनगर पुलिस ने तीन बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया है। ये महिलाएं फर्जी भारतीय दस्तावेजों के आधार पर कई सालों से भारत में रह रही थीं। पुलिस ने इनके पास से आधार कार्ड, वोटर आईडी, पैन कार्ड और अलग-अलग नामों के पासपोर्ट बरामद किए हैं। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान मुनारा बी (65), सायरा बानो (48) और तसलीमा (45) के रूप में हुई है। तीनों बांग्लादेश के जेस्सोर जिले की रहने वाली हैं। पूछताछ में मुनारा बी ने बताया कि 1970-72 में उसकी मां उसे भारत लाई थी। यहां उसे बेच दिया गया था। बाद में उसने बरेली में एक रिक्शा चालक मोहम्मद यासीन से शादी कर ली। मुनारा ने फर्जी पासपोर्ट से 9 बार विदेश यात्रा की है। इनमें खाड़ी देश और बांग्लादेश शामिल हैं। 1996 में उसका पासपोर्ट आवेदन उम्र के कारण रद्द हो गया था। इसके बाद एजेंटों की मदद से उसने अपनी बहन की पहचान पर पासपोर्ट बनवाया। पुलिस को जांच में पता चला है कि इन महिलाओं के पीछे एक संगठित गिरोह काम कर रहा है। यह गिरोह विदेशी नागरिकों को अवैध तरीके से भारतीय पहचान दिलाता है। इसी नेटवर्क की मदद से ये महिलाएं खाड़ी देशों में घरेलू नौकरी भी करती थीं। पुलिस ने तीनों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया है। अब पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि थाना प्रेम नगर टीम ने एलआईयू की मदद से 3 बांग्लादेशी मूल की महिलायों को गिरफ्तार किया है। मुनारा बी पत्नी मोहम्मद यासीन जो वर्तमान में प्रेम नगर में रहती है। बाकी 2 महिलाएं सायरा बानो और तश्लीमा ये दोनों महिलाएं हाफिजगंज की रहने वाली है। इन तीनों महिलाओं को गिरफ्तार करके न्यायिक हिरासत में भेज जा रहा है। पूछताछ करने पर पाया गया कि ये मूल रूप से ग्राम सिकिरी बेनापोर्ट जिला जस्सोर बांग्लादेश की रहने वाली है। इनमें सबसे बड़ी जो मुनारा बी ये लगभग 1970-72 में बॉर्डर क्रॉस करके भारत आई थी। इसका पूरा जीवन यही बरेली में बीता है। बरेली में ये रहकर इसने मोहम्मद यासीन नाम के व्यक्ति से शादी इसके 4 बच्चे हैं। 2011 में इसने अपनी नागरिकता छिपाते हुए और फर्जी तरीके से कूटरचना करते हुए और इसने पासपोर्ट बनवाया।



### बाराबंकी में सड़क हादसे में 35 घायल, पांच गंभीर

**बाराबंकी 26 अगस्त (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के रामनगर क्षेत्र में मंगलवार दोपहर बाराबंकी बहराइच मार्ग पर रोडवेज बस ने श्रद्धालुओं से भरे पिकअप वाहन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप सड़क के किनारे गड्ढे में जा गिरी हादसे में 35 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इनमें से पांच की हालत नाजुक बताई जा रही है। उन्हें जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोपहर करीब एक बजे अवस्थी ढाबा के पास रोडवेज बस ने श्रद्धालुओं की पिकअप में टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप सड़क के किनारे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में करीब 35 श्रद्धालु घायल हो गए। ये लोग गोंडा स्थित दुखरन नाथ महादेव मंदिर में दर्शन-पूजा करके लौट रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से तत्काल सीएचसी, रामनगर पहुंचाया। वहां पांच लोगों की हालत गंभीर देखकर उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।

# जर्मन अखबार का दावे से अमेरिका में हड़कंप, पीएम मोदी ने ट्रम्प का 4 बार नहीं उठाया फोन

## मोदी का ट्रंप को करारा जबाव, टैरिफ को लेकर भारत ने किया इग्नोर

**नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने टैरिफ को लेकर प्रधानमंत्री मोदी को चार कॉल किए थे, लेकिन पीएम मोदी ने उनसे एक बार भी बात नहीं की। इससे दोनों नेताओं के बीच तनाव बढ़ गया। यह दावा जर्मन न्यूज पेपर एफएजेड ने किया है। हालांकि अखबार ने अपनी रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया है कि ये कॉल कब किए गए थे।

अखबार के मुताबिक ट्रम्प की आक्रामक ट्रेड पॉलिसी और भारत को 'डेड इकोनॉमी' कहने से मोदी नाराज हैं। पहले दोनों नेताओं के बीच अच्छे रिश्ते थे, लेकिन अब भारत ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए होने वाली बातचीत रद्द कर दी है। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को नई दिल्ली आने से रोक दिया गया। ट्रम्प ने भारत पर कुल 50% टैरिफ लगाया है, जिसमें से 25% टैरिफ जुर्माने के तौर पर लगाया गया है, जो 27 अगस्त यानी कल से लागू होगा। ट्रम्प का कहना है कि भारत के रूसी तेल खरीदने की वजह से पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ जंग जारी रखने में मदद मिल रही है। अखबार में एक्सपर्ट्स के हवाले से लिखा है- आमतौर पर ट्रम्प का तरीका यह है कि पहले वे किसी देश पर व्यापार घाटे को लेकर हमला बोलते हैं, फिर ऊंचे टैरिफ की धमकी देते हैं। इसके बाद डरकर बातचीत शुरू होती है और आखिरकार वह ऊंचा टैरिफ लगाकर, फिर कुछ छूट देकर खुद को विजेता बताने की कोशिश करते हैं। कई देशों के साथ ऐसा हुआ है और ट्रम्प ने यह दिखाया कि अमेरिकी बाजार पर उनकी पकड़ कितनी मजबूत है, लेकिन मोदी ने इस बार झुकने से इनकार कर दिया। न्यूयॉर्क के न्यू स्कूल के भारत-चीन इंस्टीट्यूट के को-डॉयरेक्टर मार्क फ्रेजियर का कहना है कि अमेरिका की भारत को चीन के खिलाफ इस्तेमाल करने की रणनीति नाकाम हो रही है। भारत ने कभी भी चीन के खिलाफ अमेरिका के साथ पूरी तरह खड़े होने का वादा नहीं किया था। अखबार ने लिखा है कि पीएम मोदी को ट्रम्प के बर्ताव से बहुत ज्यादा बुरा महसूस हुआ है। वह मोदी को उस पुराने अपमान की याद दिला रहे हैं, जो लगभग एक दशक पहले उन्हें जिनपिंग से मिला था। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग तब गुजरात आए थे और मोदी से दोस्ती का वादा किया था, लेकिन उसी समय चीन की सेना हिमालय में भारतीय इलाके में घुस आई थी। इसके बाद भी मोदी ने जिनपिंग से अच्छे रिश्ते बनाने की कोशिश की, लेकिन हालात तब और बिगड़ गए जब चीनी सैनिकों से भारतीय जवानों की झड़प हो गई। उस घटना के बाद से कहा जाता है कि मोदी के मन में गहरी कड़वाहट बैठ गई। अब ट्रम्प का रवैया भी कुछ ऐसा ही हो गया है। फरवरी में वे मोदी को व्हाइट हाउस बुलाकर उनकी तारीफ कर रहे थे और उन्हें एक फोटो एल्बम भेंट कर रहे थे।

